RNI N.- BIHBIL/2022/88070
राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र
www. bordernewsmirror.com


# बॉर्डर न्यूज मिरर



"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः20 , सोमवार, 02 मार्च 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com


मिलेट्स के मूल्य संवर्धन एवं विपणन पर किसानों को मिला आवासीय प्रशिक्षण... 03


डुमरियाघाट ने अपने वीर सपूत का किया गया ऐतिहासिक स्वागत, गूंजे "जय हिंद" के नारे 04

सलमान खान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री की दूसरी फिल्म तैयार... 07

## 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना' का शुभारंभ आज

- राष्ट्रपति करेंगी शुभारंभ,सीएम बोलीं मिलेगा आर्थिक सुरक्षा कवच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिलाओं और बालिकाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में दिल्ली सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना पर आधिकारिक मुहर लगने जा रही है। सोमवार 2 मार्च को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में एक विशेष व भव्य कार्यक्रम 'सशक्त नारी समृद्ध दिल्ली' आयोजित किया जाएगा। समारोह में देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दिल्ली सरकार की महत्वाकांक्षी ' दिल्ली



लखपति बिटिया योजना ' का औपचारिक शुभारंभ करेंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण के प्रति दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि बदलते समय और उच्च शिक्षा की बढ़ती लागत को देखते हुए बालिकाओं के लिए प्रभावी और भविष्योन्मुखी योजना बनाने की आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि पूर्व संरचना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र बालिका के नाम पर संस्थागत जन्म होने पर 11,000 रुपए दिए जाएंगे।

## जंग के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तेल टैंकर पर हुआ हमला

- ओमान न्यूज एजेंसी का दावा,क्रू में भारतीय भी शामिल

**तेहरान (एजेंसी)।** मिडिल ईस्ट में इजरायल-ईरान के बीच जारी जंग से तनाव चरम पर पहुंच गया है। अली खामेनेई की मौत से दुनियाभर के कई देशों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस बीच, ओमान ने रविवार को कहा कि स्ट्रेटेजिक होर्मुज स्ट्रेट में एक ऑयल टैंकर पर हमला हुआ, जिसमें उसमें सवार




चार नाविक घायल हो गए। इसमें सवार क्रू के सदस्य भारतीय भी थे। सरकारी ओमान न्यूज एजेंसी ने कहा कि हमला पलाऊ के झंडे वाले स्काइलाइट नाम के जहाज को निशाना बनाकर किया गया। इसने क्रू के सदस्यों को भारतीय और ईरानी बताया। हालांकि, यह साफ नहीं है कि जहाज पर किसने हमला किया, लेकिन यह तब हुआ जब अधिकारियों ने कहा कि जब से अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमला किया है, ईरान रेडियो के जरिए स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों को धमकी दे रहा है। यह स्ट्रेट इतना महत्वपूर्ण है कि यहीं से दुनियाभर को लगभग 20 फीसदी तेल जाता है। समुद्री अधिकारियों और ईयू नेवल मिशन के एक अधिकारी के मुताबिक, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने जहाजों को चेतावनी दी है कि स्ट्रेटेजिक होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की इजाजत नहीं है।

# और तेज हुआ युद्ध, मिडिल-ईस्ट में भारी तनाव

### अमेरिका-इजराइल का हमला, 24 घंटे में ईरान पर 1200 बम गिराए, सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत,बेटी-दामाद और बहू-पोती भी मारी गईं

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** इजराइल की वायु सेना का कहना है कि उसने अमेरिका के साथ संयुक्त हमले में पिछले एक दिन में ईरान पर 1,200 से ज्यादा बम गिराए हैं। इन हमलों में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई है। उनके ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर शनिवार को 30 मिसाइलों से हमला हुआ था। हमले में उनकी बेटी-दामाद, बहू और पोती समेत कॉम्प्लेक्स में मौजूद 40 कमांडर्स भी मारे गए हैं। हमले के समय खामनेई कमांडर्स के साथ मीटिंग कर रहे थे। इजराइल के प्रधानमंती नेतन्याहू ने शनिवार देर रात खामनेई के मारे जाने की बात कही थी। इसके कुछ देर बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी उनके मारे जाने का दावा किया था। रविवार सुबह ईरान की सरकारी मीडिया एजेंसी 'तसनीम' और 'फार्स' ने इसकी पुष्टि की। खामनेई के मारे जाने पर ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की





छुट्टी घोषित कर दी गई है। ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा, 'हमने एक महान नेता खो दिया है और पूरा देश शोक मना रहा है।' इधर ईरानी सेना ने कहा कि वह सबसे खतरनाक अभियान की शुरुआत करने जा रही है।

### ईरान में 200 की मौत, 740 घायल

इजराइल और अमेरिका ने ईरान की राजधानी तेहरान समेत 10 बड़े शहरों को निशाना बनाया। हमलों से अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं। ईरान ने भी देशों पर जवाबी हमले किए थे। अमेरिका और इजराइल के हमले के जवाब में ईरान ने भी ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इन हमलों में इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के 9 देशों को निशाना बनाया गया। ईरान ने इजराइल पर करीब 400 मिसाइलें दागीं और कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब व यूएई में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया। इतना ही नहीं, ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई पर भी हमला किया। ईरान ने दुबई के पाम होटल एंड रिसोर्ट और बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला किया। इसके अलावा बहरीन में कई रिहायशी इमारतों को निशाना बनाया।

## खामनेई की मौत के बाद पाकिस्तान में भारी हिंसा

- खामनेई की मौत के बाद पाकिस्तान में भारी हिंसा



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** ईरान के सर्वोच्च नेता की मौत के बाद पाकिस्तान में स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गई है। कराची में भीड़ ने अमेरिकी वाणिज्य दूतावास पर हमला कर दिया है। इसमें कमक से कम 12 लोगों की मौत हो गई है। मौके से आए वीडियो में दिख रहा है कि खामेनेई की मौत और ईरान पर अमेरिकी-इजरायली हमलों के विरोध में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी कराची की सड़कों पर उतर आए हैं। भीड़ ने माई कोलाची रोड स्थित अमेरिकी दूतावास पर हमला किया है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रदर्शनकारियों की भीड़ ने दूतावास के प्रवेश द्वार के पास तोड़फोड़ की और गार्ड हाउस में आग लगा दी है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दूतावास के बाहर धुएं का गुबार देखा जा सकता है। आपको बता दें कि इजरायली हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत हो गई है।

### पाकिस्तान और इराक में हिंसक प्रदर्शन

ईरान पर हमले के साथ ही अमेरिकी मिशन ने कराची सहित पूरे पाकिस्तान में अपने नागरिकों के लिए सुरक्षा चेतावनी जारी की है।1 मार्च यानि आज के लिए सभी नियमित और आपातकालीन नियुक्तियां रद्द कर दी गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान के समर्थन में प्रदर्शन कर रही भीड़ ने कराची में अमेरिकन कॉन्सुलेट के एंट्री गेट पर पर तोड़-फोड़ की और आग लगा दी, जिसके बाद पुलिस की कार्रवाई में कई लोग घायल हुए हैं।गोली चलने की भी जानकारी आई है।रिपोर्ट्स के मुताबिक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया है।

## अयातुल्ला आराफी ईरान के अंतरिम सुप्रीम लीडर बने

- खामेनेई की मौत के अगले दिन फैसला,ईरान बोला-अमेरिका-इजराइल से खतरनाक बदला लेंगे

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के अगले दिन आयतुल्ला अलीरेजा आराफीको अंतरिम सुप्रीम लीडर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 67 साल के आराफी खामेनेई के करीबी माने जाते हैं और लंबे समय से



ईरान की धार्मिक-राजनीतिक व्यवस्था में अहम भूमिका निभाते रहे हैं। आराफी असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स के उपाध्यक्ष हैं, जो सुप्रीम लीडर की नियुक्ति करती है। वे गार्जियन काउंसिल के सदस्य भी रह चुके हैं और फिलहाल ईरान की सेमिनरी प्रणाली का नेतृत्व कर रहे हैं। अब स्थायी सुप्रीम लीडर का चयन असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स द्वारा किया जाएगा।

## खामेनेई की मौत पर भारत में धर्मगुरुओं का कड़ा रुख

- लखनऊ में तीन दिन शोक का ऐलान,विशेष मजलिस और कैंडल मार्च की तैयारी



**लखनऊ (एजेंसी)।** अमेरिका-इजराइल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबरें सामने आने के बाद देशभर के मुस्लिम धर्मगुरुओं में गहरा शोक और आक्रोश देखा जा रहा है। सोशल मीडिया और अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स के बाद भारत में भी प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया है। लखनऊ समेत कई शहरों में धार्मिक नेताओं ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मानवता के खिलाफ बताया है। धर्मगुरुओं ने रमजान के पवित्र महीने में हुए इस कथित हमले को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। उनका कहना है कि यदि यह खबर सत्य है, तो यह केवल ईरान ही नहीं बल्कि पूरी उम्मत और इंसानियत के लिए गहरा आघात है। शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने खामेनेई की शहादत की खबर पर तीन दिन के शोक का ऐलान किया है। उन्होंने तमाम उम्मते मुस्लिमा और इंसानियत पसंद लोगों से अपील की कि वे अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर शोक व्यक्त करें। उन्होंने घोषणा की कि रात 8 बजे छोटा इमामबाड़ा में एक विशेष शोकसभा आयोजित की जाएगी, जिसके बाद कैंडल मार्च निकाला जाएगा।

# महाराष्ट्र के नागपुर में बारूद कंपनी में ब्लास्ट, 17 की मौत

### मटेरियल बनाते वक्त धमाका हुआ,छाई दहशत

**नागपुर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में नागपुर जिले के राउलगांव स्थित गोला-बारूद निर्माण कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड में रविवार सुबह करीब 7 बजे धमाका हो गया। हादसे में 17 कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 18 घायल हो गए। घायलों में से कई की हालत गंभीर है। हादसे की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंची। फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है। फायर ब्रिगेड ने बताया कि ब्लास्ट से कंपनी में चारों तरफ मलबा फैल गया है। मलबे में दबे कुछ कर्मचारियों को निकाला गया है। 15 घायलों को नागपुर के अस्पताल ले जाया गया है।



### पीएम ने जताया शोक मदद का ऐलान

वहीं पीएम मोदी ने घटना पर शोक जताया, साथ ही मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार की सहायता राशि देने की घोषणा की। नागपुर के कलमेश्वर में स्थित एसबीएल एनर्जी लिमिटेड (पूर्व में स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड) औद्योगिक विस्फोटकों की एक प्रमुख निर्माता कंपनी है। यह कंपनी खनन परियोजनाओं के लिए विस्फोटक, डेटोनेटर जैसे विस्फोटक बनाती है। रविवार सुबह कर्मचारियों ने काम शुरू ही किया था, तभी प्लांट में डेटोनेटर बनाने की प्रोसेस के दौरान एक तेज धमाका हो गया। विस्फोट इतना भीषण था कि उसकी आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी। हादसे के दौरान कंपनी में 30 से ज्यादा कर्मचारी काम कर रहे थे।

### सीएम फड़णवीस ने दिए जांच के आदेश

मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने इस हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, नागपुर जिले के राउलगांव में विस्फोटक कारखाने में हुआ विस्फोट अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है। मैं स्थानीय प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में हूं। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी मौके पर मौजूद हैं। राहत कार्य तेज कर दिया गया है और अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है। मैं मृतकों को अपनी गहरी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हम उनके परिवारों के दुख में शामिल हैं।

- पुडुचेरी में कहा-कांग्रेस-डीएमके ने विकास में बाधा डाली, अब ये फिर सत्ता के लिए भूखी

# पीएम ने मदुरै में 4,400 करोड़ के प्रोजेक्ट्स शुरू किए

**चेन्नई (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को तमिलनाडु के मदुरै पहुंचे। यहां उन्होंने 4,400 करोड़ रुपए से ज्यादा के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का भी उद्घाटन किया। साथ ही तमिलनाडु में आठ नए बने अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। चेन्नई बीच चेन्नई एग्मोर चौथी लाइन देश को समर्पित की। इसके बाद एनएच-332ए के मरक्कनम-पुडुचेरी



सेक्शन और एनएच-87 के परमकुडी-रामनाथपुरम सेक्शन की फोर-लेनिंग की आधारशिला रखी। पीएम कुंभकोणम, येरकॉड और वेल्लोर में तीन नए आकाशवाणी रिले ट्रांसमीटर का उद्घाटन भी किया। इसके बाद मोदी सभा को संबोधित किया। इसके पहले मोदी ने पुडुचेरी में 2,700 करोड़ रुपए से ज्यादा के अलग-अलग प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया।

### हमने 4400 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी

आज का कार्यक्रम तमिलनाडु के विकास सफर में एक गौरवशाली अध्याय का प्रतीक है।हमने 4400 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी, उनका उद्घाटन किया और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया।ये परियोजनाएं संपर्क व्यवस्था में बदलाव लाएंगी, अर्थव्यवस्था को गति देंगी, रोजगार सृजित करेंगी और लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाएंगी।पीएम ने कहा कि कांग्रेस और डीएमके ने हमेशा विकास में बाधा ही डाली है।यह दोनों पार्टियां फिर से सत्ता की भूखी हैं।आपको इनसे सतर्क रहना है।


### कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में बैठे एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया था

कांग्रेस-डीएमके शासनकाल में राजनीतिक अस्थिरता, भ्रष्टाचार, अपराध और गरीबों की बदहाली छाई रही। राशन की दुकानों में चावल नहीं मिलते थे, वेतन में देरी होती थी, सड़कों पर गुंडे और ड्रग माफिया का राज था। कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में बैठे एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया था। डीएमके की बात करें तो, तमिलनाडु में भी हो रहे घोटालों की एक लंबी सूची सामने आ रही है। कांग्रेस और डीएमके पुडुचेरी के विकास पथ में बाधक बन गए थे। अब वही ताकतें फिर से सत्ता के लिए भूखी हैं। कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में बैठे एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया था। डीएमके की बात करें तो, तमिलनाडु में भी इसी तरह के घोटालों की लंबी सूची देखने को मिल रही है। कांग्रेस और डीएमके पुडुचेरी के विकास पथ में बाधक बन गए थे। अब वही ताकतें फिर से सत्ता के लिए भूखी हैं।

# हो जाइए सतर्क ! अबकी कहर ढाएगी गर्मी

### मार्च से मई तक पड़ेगी भीषण गर्मी,आईएमडी ने जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस साल मार्च से मई महीने के बीच देश के अधिकांश हिस्सों में लू से प्रभावित दिनों की संख्या सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अपने मासिक पूर्वानुमान में यह जानकारी दी। आईएमडी के मुताबिक इन क्षेत्रों में पश्चिमी राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, दक्षिणी और पूर्वी महाराष्ट्र, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिमी बंगाल में गंगा के मैदान, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और उत्तरी कर्नाटक और उत्तरी तमिलनाडु के कुछ हिस्से शामिल हैं।आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मार्च-अप्रैल-मई के दौरान सामान्य से अधिक दिनों तक लू के प्रकोप की आशंका सार्वजनिक स्वास्थ्य, जल संसाधनों, बिजली की मांग और आवश्यक सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण जोखिम पैदा कर सकती है, विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों, खुले में काम करने वाले श्रमिकों के लिए।




### यहां सामान्य से कम रह सकता है तापमान

हालांकि, मार्च के दौरान, पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत, पश्चिमी हिमालय क्षेत्र के कुछ हिस्सों और मध्य और प्रायद्वीपीय भारत को छोड़कर, देश के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है। इस बीच, उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों, दक्षिणी प्रायद्वीप और पूर्वी तट के कुछ हिस्सों को छोड़कर, देश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य रहने की संभावना है, जहां मार्च के दौरान न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना जू में बड्र्स की 24 घंटे मॉनिटरिंग, बर्ड फ्लू को लेकर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव

**पटना।** पटना जू बर्ड फ्लू के खतरे को देखते हुए अलर्ट मोड में आ गया है। पटना जू में कई एहतियात बरते जा रहे हैं। मोर और अन्य पक्षियों के केज के आसपास कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है। पक्षियों की देखभाल करने वाले सभी कर्मियों को मास्क उपलब्ध कराया गया है। बाड़ों से बाहर निकलने के बाद कर्मियों को खुद को सैनिटाइज करने के निर्देश दिए गए हैं। मेन गेट पर पोटाशियम परमैंगनेट से फूट वॉश अनिवार्य कर दिया गया है, ताकि संक्रमण अंदर न आ सके। पक्षियों के स्वास्थ्य की 24 घंटे निगरानी हो रही है। जानवरों के खान-पान में भी बदलाव किया गया है। एवियरी सेक्शन में मांसाहारी पक्षियों को अब चूजों की जगह चूहे दिए जा रहे हैं। वहीं, जानवरों की खुराक से चिकन को हटाकर वैकल्पिक आहार शामिल किया गया है। पटना जू प्रशासन का कहना है कि पशु-पक्षियों की सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता है और इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। 2018 में 6 मोरों की मौत के बाद H5NA वायरस की पुष्टि हुई थी, जिसके बाद जू को करीब 20 दिनों तक बंद रखना पड़ा था। इसे लेकर ऐहतियात बरते जा रहे हैं। संजय गांधी जैविक उद्यान (पटना जू) को एक सप्ताह के लिए बंद कर दिया गया है। 7 मार्च तक दर्शकों के लिए पटना जू में एंट्री नहीं है। बर्ड फ्लू के एहतियातन यह फैसला लिया गया है। पीसी कॉलोनी, कंकड़बाग के जू-सेक्टर पार्क और पटना हाईकोर्ट परिसर में कौओं और मुर्गियों की अचानक मौत के बाद H5N1 बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। H5N1 बर्ड फ्लू को कोरोना से भी खतरनाक माना जाता है। इसका जानवरों से इंसानों में फैलने का ज्यादा खतरा रहता है। इधर, ऐसे मामले सामने आने के सिविल सर्जन ने सभी अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा है।



### नशे में मारपीट, 5 घायल, सभी एक ही परिवार के, बुजुर्ग बोला- शराब पीकर आया आरोपी, पूरे परिवार को पीटा

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र के जुड़ावनपुर गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बिदुपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान जुड़ावनपुर गांव निवासी स्वर्गीय रामधारी राम के 70 वर्षीय पुत्र शिवाजी राम, शिवाजी राम के 35 वर्षीय पुत्र मुकेश राम, रविंद्र राम की 30 वर्षीय पत्नी नीलम देवी, पप्पू राम के 21 वर्षीय पुत्र संजीत कुमार और रविंद्र राम के 14 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार के रूप में हुई है। शिवाजी राम ने बताया कि उनका बेटा शिवचंद्र राम अक्सर शराब पीकर आता है और उनके साथ गाली-गलौज करता है। शुक्रवार शाम जब शिवाजी राम अपने दरवाजे पर बैठे थे, शिवचंद्र शराब के नशे में आया और गाली-गलौज करने लगा। जब शिवाजी राम ने उससे बेवजह गाली देने का कारण पूछा, तो शिवचंद्र ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। जब उनके दूसरे बेटे, बहू और पोते उन्हें बचाने आए, तो शिवचंद्र ने उन्हें भी पीटा, जिससे वे बेहोश हो गए। मारपीट में कई लोगों के सिर में गंभीर चोटें आईं और खून बहने लगा। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बिदुपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद, डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज जारी है।



### किराना स्टोर में लूटपाट, 2 लाख रुपए- सोने की चेन छीनी, 15 लड़कों ने डंडों से किया हमला, दुकानदार घायल

**हाजीपुर।** वैशाली के औद्योगिक थाना क्षेत्र स्थित पासवान चौक के पास शनिवार दोपहर कृष्णा किराना जनरल स्टोर में लूटपाट हुई। बदमाशों ने दुकानदार आदित्य राज के साथ मारपीट भी की, जिसमें वह घायल हो गए। घायल दुकानदार आदित्य राज ने बताया कि वीर चूहारमल नगर निवासी उमेश पासवान का पुत्र विकास पासवान उनकी दुकान पर कभी नहीं आया था। शनिवार दोपहर विकास दुकान पर आया और पांच शैम्पू मांगे। जब आदित्य ने शैम्पू देने की बात कही, तो विकास ने बदतमीजी से बात करना शुरू कर दिया। आदित्य के पूछने पर कि वह ऐसा क्यों बोल रहा है, विकास ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान विकास ने आदित्य के गाल से 2 लाख रुपए नगद और उनके भाई के गले से सोने की चेन छीन ली। जब आदित्य ने शोर मचाया, तो विकास के साथ 14 से 15 अन्य लड़के भी आ गए। सभी ने मिलकर ईंट, पत्थर और डंडों से हमला करना शुरू कर दिया। जब तक आसपास के लोग इकट्ठा होते, तब तक सभी बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना के बाद औद्योगिक थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना कर लौट गई।

### प्रेमिका संग भाग रहे युवक को परिजन ने पकड़ा, महिला ने चप्पल से पीटा, पुलिस बचाकर ले गई थाने

**हाजीपुर।** वैशाली में गोरौल चौक के पास प्रेमिका के साथ भाग रहे एक युवक को भीड़ ने पकड़ लिया। उसके बाद सब ने मिलकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर गोरौल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को भीड़ से बचाकर थाने ले आई। प्रेमी-प्रेमिका बाइक से भाग रहे थे। लड़की के परिवार वालों को इसकी भनक लग गई और उन्होंने दोनों का पीछा किया। गोरौल चौक ओवरब्रिज के पास उन्हें पकड़ लिया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और युवक की पिटाई शुरू कर दी। स्थिति बिगड़ती देख स्थानीय लोगों ने गोरौल थाना को सूचित किया। अवर निरीक्षक राहुल कुमार तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों युवकों को भीड़ से बचाकर थाने ले आए। युवकों की पहचान महुआ थाना क्षेत्र के छतवारा गांव निवासी अमित कुमार और राहुल कुमार के रूप में हुई है। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें लड़की की मां लड़के को पकड़कर चप्पल से पीटते नजर आ रही है। वहीं वो बेलते हुए सुनाई दे रही की तुमको मना किए थे न...। इसके बाद वहां मौजूद लोग भी युवक को हाथ- मुक्का से मारने लगे। पुलिस के अनुसार, अमित की मौसी प्रेमिका के गांव में रहती हैं, जिसके कारण अमित का वहां अक्सर आना-जाना था। वह अपने दोस्त राहुल को भी साथ लाता था। दोनों बेलसर थाना क्षेत्र के एक गांव से युवती को भगाकर शादी करने की नीयत से ले जा रहे थे। पकड़े जाने के बाद लड़की के परिवार वाले उसे अपने साथ घर ले गए। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि युवती को उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया है। दोनों युवकों को पूछताछ के लिए थाने में रखा गया है और उनके परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शराब के नशे में रेल पुलिस का जवान गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में रेल पुलिस के एक जवान को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया है। सीआरपीएफ कैंप के बाहर से पकड़ा गया है। पूछताछ के बाद अहियापुर पुलिस को सौंप दिया गया है। झपहां स्थित कैंप में 27 फरवरी को रेल पुलिस का वार्षिक लक्ष्याभ्यास चल रहा था। इसी दौरान, कैंप के मेन डोर पर वर्दी में एक व्यक्ति ने अंदर जाने का प्रयास किया। वहां तैनात कर्मियों को उसकी हरकतों से शराब के नशे में होने का संदेह हुआ। सूचना मिलने पर रेल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पूछताछ में जवान की पहचान रेल जिला मुजफ्फरपुर में तैनात पीटीसी-65 ज्ञानदेव दास के रूप में हुई। शरीर से शराब की तेज गंध आ रही थी, जिसके बाद तुरंत अहियापुर थाना ले जाया गया। ब्रेथ एनालाइजर मशीन से की गई जांच में ज्ञानदेव दास के शरीर में 78.4 mg/100 ml अल्कोहल की पुष्टि हुई। पुष्टि के बाद, रेल पुलिस ने आरोपी जवान को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए अहियापुर थाना पुलिस के हवाले कर दिया। रेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि बिहार में शराबबंदी कानून का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रतिबद्ध है। जवान ज्ञानदेव दास का यह कृत्य न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि उनके कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही और अनुशासनहीनता भी दर्शाता है।

# मरीन ड्राइव पर मुठभेड़, शार्प शूटर को दौड़ाकर मारी गोली

**एजेंसी, पटना**



पटना के मरीन ड्राइव पर अपराधी और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई है। जिसमें एक अपराधी के पैर में गोली लगी है। उसकी पहचान वैशाली के रहने वाले अमित कुमार के रूप में हुई है। अमित का लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास है। मौके पर टाउन डीएसपी, DIU, और एसटीएफ मौजूद हैं। आरोपी को गोली लगने के बाद नजदीक के पीएमसीएच में एडमिट कराया गया है। मौके से पिस्टल मिली है। पुलिस की ओर से घटनास्थल को बैरिकेड कर दिया गया है और एफएसएल की टीम बुलाई गई है।

**शार्प शूटर है अमितः** अमित शार्प शूटर है। दरअसल 27 जनवरी 2025 को पटना सिविल कोर्ट में पेशी के लिए आए सुबोध सिंह गैंग के रोशन ततीया की हत्या करने आया था। इसी दौरान पुलिस को इसकी भनक लग गई और हत्या से पहले पीयूष पकड़ा गया जबकि अमित फरार हो गया। अमित ने जिस गैंग से सुपारी ली थी उसके बारे में पुलिस उसे पूछताछ कर रही है।

**कोर्ट की सुरक्षा में सेंधमारीः** 27 जनवरी 2026 की सुबह पटना सिविल कोर्ट में दो हथियारबंद अपराधियों ने घुसने का प्रयास किया जिसमें से पीयूष नाम का अपराधी गेट पर ही चेकिंग के दौरान पकड़ा गया। दूसरा आरोपी कोर्ट परिसर में घुस गया हालांकि पुलिस की ओर से सुरक्षा बढ़ा दी गई। इसके बाद अपराधी के मंसूबे पर पानी फिर गया और वह फरार हो गया। पीयूष से जब पूछताछ हुई तो उसने बताया कि वैशाली का रहने वाला अमीत पटना सिविल कोर्ट में उसे अपने साथ बाइक पर लाया था।

किसी बड़ी वारदात को अंजाम देना था फिर उसके निशानदेही पर ही पुलिस अमित की तलाश कर रही थी, लेकिन वो फरार हो जा रहा था। आज तड़के सुबह पुलिस को जानकारी मिली कि अमित मरीन ड्राइव से होकर भाग रहा है इसी दौरान पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन उसने फायरिंग कर दी इसके बाद जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई।

## होलिका दहन में अग्निशमन ने 445 जगहों को चिन्हित किया

**एजेंसी, पटना**



♦ सभी कर्मियों की रद्द हुई छुट्टियां, 4 जोन में बांटकर 400 कर्मियों की तैनाती

होलिका दहन को लेकर अग्निशमन विभाग अलर्ट है। एहतियातन सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। राज्य अग्निशमन पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि सभी तरह की छुट्टियां रद्द कर दी गई है। पटना को 4 जोन में बांटकर 435 के करीब फोर्स की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी तरह की चुनौती से निपटने के लिए एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसके नोडल पदाधिकारी जिला अग्निशमन पदाधिकारी रैंक के हैं। सारे क्षेत्र की रूट मैपिंग पहले से करके एक कनेक्टिविटी बनाई गई है। ताकि आपात स्थिति में 2 मिनट के भीतर घटनास्थल पर रिस्पांस किया जा सके।

**एरिया डोमिनेशन शुरूः** उन्होंने बताया कि गली मोहल्ले में लोगों को जागरुक भी किया गया है। मिक्सड टेक्नोलॉजी बाइक के जरिए एरिया डोमिनेशन भी किया जा रहा है। 445 ऐसे स्थलों को चिन्हित किया गया है, सेफ्टी के लिहाज से सहज नहीं है। क्योंकि पास में या तो हाई राइज बिल्डिंग की दूरी कम है, चौक चौराहे हैं, या महत्वपूर्ण स्थल पेट्रोल पंप, वेंडिंग जोन हैं। ऐसे भी इन जगहों पर गाड़ियां तैनात की गई हैं।

**जांच करेंगे नोडल पदाधिकारीः** राज्य अग्निशमन पदाधिकारी मनोज कुमार नट ने बताया कि कमी और पदाधिकारी जिन जगहों पर प्रतिनियुक्ति किए गए हैं। उन्हें अलर्ट मोड में रखा गया है। समय से अपनी लोकेशन पर मौजूद है, या नहीं है इसकी जांच नोडल पदाधिकारी करते रहेंगे। किसी तरह की लापरवाही पाई जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय जनता दल की पार्लियामेंट्री बोर्ड बैठक

**एजेंसी, पटना**



❒ राज्यसभा उम्मीदवार पर होगा फैसला, तेजस्वी बोले- शाम में सब तय हो जाएगा

राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) की पार्लियामेंट्री बोर्ड की बैठक आज शाम 7 बजे होगी। बैठक का मुख्य एजेंडा आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार के नाम पर चर्चा करना है। सूत्रों के मुताबिक, सबसे पहले पार्टी का स्टेट पार्लियामेंट्री बोर्ड बैठक करेगा। इसके बाद सेंट्रल पार्लियामेंट्री बोर्ड की बैठक होगी, जिसमें अंतिम रणनीति पर विचार किया जाएगा। नई दिल्ली से पटना पहुंचे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पटना एयरपोर्ट पर कहा कि आज शाम पार्लियामेंट्री बोर्ड की बैठक बुलाई गई है और उसी में सब कुछ तय हो जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन पर उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम चाहते हैं कि वे स्वस्थ रहें। वहीं, खुद के राज्यसभा जाने के सवाल पर तेजस्वी यादव ने कोई जवाब नहीं दिया और सवाल सुनते ही आगे बढ़ गए। पार्टी सूत्रों के अनुसार, बैठक में प्रेम गुप्ता, हीना साहब, एडी सिंह समेत कुछ मुस्लिम नेताओं की उम्मीदवारी पर विशेष चर्चा हो सकती है। माना जा रहा है कि बैठक के बाद आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को उम्मीदवार के नाम पर अंतिम निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि आरजेडी अपने राज्यसभा उम्मीदवार का नामांकन 2 मार्च को कर सकती है। इसके अलावा तेजस्वी के राज्यसभा जाने को लेकर सांसद संजय झा ने कहा कि बताइए बिहार को छोड़कर चले जाएंगे।

## 'नीट रेप-मौत केस में पॉक्सो क्यों नहीं लगाया'

**एजेंसी, पटना**



❒ कोर्ट ने सीबीआई को लगाई फटकार, एसआईटी-एजेंसी से पूछा- आपको मनीष रंजन की जरूरत है या नहीं

पटना में NEET छात्रा मामले में गिरफ्तार बिल्डिंग के मालिक मनीष रंजन की जमानत याचिका पर आज कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई ढाई घंटे तक चली। मनीष रंजन को कोर्ट से जमानत नहीं मिली है। अब याचिका पर 2 मार्च को सुनवाई होनी है। CBI को आज भी कोर्ट ने फटकार लगाई है। CBI से पूछा है कि आपने पॉक्सो क्यों नहीं लगाया? 17 जनवरी तक केस की जांच चित्रगुप्त नगर की तत्कालीन थानेदार रौशनी कर रही थी, फिर SIT ने जांच की।

इसके बाद 12 फरवरी को CBI ने 307 का केस दर्ज किया। CBI को जांच करते हुए 15 दिन हुए। कोर्ट ने पूछा कि मनीष रंजन को लेकर अब तक आपने क्या जांच की? क्या आपको मनीष रंजन की जरूरत है? आपने अपने केस में तो पॉक्सो एक्ट लगाया नहीं है। आपके पास तो अटेम्प्ट टू मर्डर का केस है। इस पर आप जवाब दीजिए कि मनीष रंजन की जरूरत आपको है या नहीं? SIT से भी यही सवाल कोर्ट ने पूछा। कोर्ट ने कहा कि मनीष पर आरोप क्या है? इसके खिलाफ सबूत क्या है? SIT ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि ये प्रभाशाली व्यक्ति हैं। इस वजह से उन्हें गिरफ्तार किया गया था। अब हमें इनकी जरूरत नहीं है। क्योंकि, अब जांच CBI कर रही है। सुनवाई के दौरान पीड़ित परिवार भी मौजूद था।

**रौशनी और एसआईटी के बयान अलग-अलग थेः** कोर्ट ने केस चित्रगुप्त नगर की तत्कालीन थानेदार और शुरुआत में IO रही रौशनी कुमारी से कई सवाल पूछे। उनसे पूछा गया कि आपने कितनी तारीख तक केस की जांच की? मनीष रंजन पर क्या आरोप है? इसके खिलाफ क्या सबूत मिले? आपने अपनी जांच में क्या-क्या जब्त किया? सबूतों को 24 घंटे में कोर्ट में क्यों नहीं पेश किया? रौशनी ने छात्रा का मोबाइल और हॉस्टल का DVR जब्त किया था। कोर्ट ने पूछा कि इसे आपने अपने पास क्यों रखा? FSL जांच क्यों नहीं कराई? कोर्ट से इसकी अनुमति क्यों नहीं ली? अपना पक्ष रखते हुए रौशनी ने कहा कि मैंने सभी चीज SIT को 17 जनवरी को सौंप दिया था। मौके पर ही SIT ने कहा कि नहीं, हमें 24 जनवरी को मिला था। दोनों के बयान मेल नहीं खाए। पीड़ित पक्ष ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि इन लोगों ने सबूतों के साथ छेड़छाड़ हुआ है। SIT को लीड कर सचिवालय SDPO-1 डॉ. अन्नू कुमारी से भी सवाल किया गया है। मनीष रंजन कब-कहां थे? वो बिहार से बाहर कब गए? उन्हें कब पकड़ा? उनका स्टेटमेंट क्या था? सवालों का जवाब देते हुए कोर्ट को डॉ. अन्नू ने बताया कि CDR खंगाला गया है। उससे इनके लोकेशन को मिलाया गया है।

**स्टाफ बोली-बेहोश थी, शरीर पर खरोंच थेः** पटना में NEET छात्रा मामले की जांच कर रही सीबीआई की टीम शुक्रवार को प्रभात अस्पताल पहुंची। एक महिला स्टाफ से 5 घंटे तक पूछताछ की। सीबीआई ने पूछा कि जब छात्रा हॉस्पिटल आई तो उसकी क्या हालत थी। क्या देखा उस वक्त? महिला स्टाफ ने कहा, वह बेहोशी की हालत में थी? उसके शरीर पर खरोंच के निशान थे।

महिला स्टाफ ने यह भी कहा कि अस्पताल में यह चर्चा चल रही थी कि उसके साथ घिनौनी हरकत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके साथ दुष्कर्म की बात लिखी गई है। अस्पताल ने उसके मौत की वजह नशीली दवा के ओवरडोज की बात लिखी थी। यह कैसे लिखी गई और क्यों लिखी गई, इसका जवाब तो लैब के स्टाफ देंगे। महिला स्टाफ ने आगे कहा कि, 'यह हम कैसे कह सकते हैं कि रिपोर्ट बदला गया या नहीं?'

## होलिका दहन घनी आबादी में न करें, आग वाली जगह पर पहले से रखें पानी की व्यवस्था

**एजेंसी, पटना**



बिहार अग्निशमन सेवा ने एडवाइजरी की जारी

पटना में होली को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। होलिका दहन पर अगलगी की घटनाएं न हो इसके लिए बिहार अग्निशमन सेवा ने एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि होलिका दहन और रंगोत्सव के दौरान थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। एडवाइजरी के अनुसार घनी आबादी में होलिका दहन न करने की अपील की गई है। साथ ही जहां होलिका दहन वाले जगह पर एक हजार लीटर पानी रखने की सलाह दी गई है, ताकि अगर आग भड़के तो तुरंत लपटों पर काबू पाया जा सके। आम नागरिकों, आयोजकों और स्थानीय समितियों से सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने की अपील की गई है।

**अफवाह पर ध्यान न देने की अपीलः** अग्निशमन विभाग ने कहा है कि होली उत्सव के दौरान सामुदायिक सहयोग आवश्यक है। सभी आयोजन समितियां सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन करें। विभाग की टीमें संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखेंगी और किसी भी आपात स्थिति में कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध या जोखिमपूर्ण स्थिति की सूचना तुरंत नियंत्रण कक्ष को दें।

**जिला अग्नि नियंत्रण कक्ष का नंबर जारीः** फुलवारीशरीफ, लोहानीपुर, कंकड़बाग, दानापुर, पालीगंज, मसौढ़ी, बाढ़ और सचिवालय के मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक किए गए हैं, ताकि किसी भी घटना पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। किसी भी प्रकार की आगजनी या आपात स्थिति में तत्काल सूचना देने के लिए जिला अग्नि नियंत्रण कक्ष का नंबर 7485805821 जारी किया गया है। इसके अलावा राज्य नियंत्रण कक्ष के नंबर 0612-2229998 और 0612-2222214 भी सक्रिय रहेंगे। आपातकालीन स्थिति में 101 अथवा 112 डायल करने की सलाह दी गई है।

## बच्चा चोरी का आरोप लगाकर महिला की पिटाई, अफवाह के बाद भीड़ में फंसी पीड़िता

**एजेंसी, पटना**



पटना सिटी में बच्ची चोरी की अफवाह पर एक महिला को भीड़ ने पीट दिया। लोगों ने बच्चा चोरी का आरोप पीड़िता पर लगाया था। कुछ लोग शोर मचाने लगे थे, इसके बाद मौके पर भीड़ जुट गई। जिसके बाद बिना कुछ सोचे-समझे महिला की पिटाई कर दी गई। महिला की बात कोई सुनने को तैयार नहीं हुआ। इसी बीच किसी ने डायल-112 की पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को भीड़ से निकाला। इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। घटना मालसलामी थाना क्षेत्र के छोटी नगरा इलाके की है।

**महिला को कई जगह लगी चोटेंः** चिकित्सकों ने बताया कि महिला को शरीर पर कई जगह चोटें आई हैं, लेकिन उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर है। उसका इलाज जारी है। मालसलामी थाना के पुलिस अधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रारंभिक जांच में महिला निर्दोष पाई गई है। बच्चा चोरी की बात पूरी तरह अफवाह साबित हुई है। अधिकारी ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों ने अफवाह फैलाई, जिसके कारण यह घटना हुई।

**अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्जः** पुलिस ने अफवाह फैलाने और कानून हाथ में लेने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उनकी पहचान कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। घटना के बाद पुलिस ने इलाके में गश्त बढ़ा दी है।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध परिस्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अफवाह फैलाने और हिंसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पटना नगर निगम के कर्मी अब यूनीफॉर्म में दिखेंगे

**एजेंसी, पटना**

♦ होली के बाद महिला-पुरुष कर्मचारियों को मिलेंगे दो-दो सेट वर्दी, 1.37 करोड़ रुपए होंगे खर्च



पटना नगर निगम के कर्मी अब यूनीफॉर्म में दिखेंगे। निगम के चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को नई वर्दी मिलेगी। निगम में काम कर रहे स्थायी और दैनिक कर्मियों को होली के बाद वर्दी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके प्रस्ताव को निगम प्रशासन की ओर से सशक्त स्थायी समिति की बैठक में पास कर दिया गया है। इसके अनुसार, निगम के विभिन्न अंचलों और मुख्यालय में कार्यरत कुल 4866 चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी इस योजना से लाभान्वित होंगे।

**महिला-पुरुष कर्मचारियों को मिलेंगे दो-दो सेट वर्दीः** पटना नगर निगम में 1025 स्थायी कर्मी और 3841 दैनिक कर्मी काम करते हैं। सभी कर्मचारियों को हर साल वर्दी उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इसमें पुरुष कर्मचारियों को 2 सेट फुल पैंट-शर्ट और एक जोड़ी जूता दिया जाएगा, जबकि महिला कर्मचारियों को दो साड़ी, दो पेटीकोट, दो ब्लाउज और एक जोड़ी जूता उपलब्ध कराया जाएगा। वर्दी की दरें वित्त विभाग की ओर से पूर्व निर्धारित मानकों के अनुरूप तय की गई हैं।

**काम के दौरान अनुशासन और एकरूपता बनी रहेगीः** निगम प्रशासन का कहना है कि वर्दी उपलब्ध कराने से कर्मचारियों की पहचान स्पष्ट होगी, काम के दौरान अनुशासन और एकरूपता बनी रहेगी और साथ ही स्वच्छता संबंधी कार्यों में पेशेवर छवि भी सुदृढ़ होगी। मेयर सीता साहू ने कहा कि कर्मचारियों की सुरक्षा और अनुशासन के लिए सभी कर्मचारियों को वर्दी उपलब्ध कराई जाएगी। होली के बाद कार्यादेश निकल जाएगा, जिसके 4 से 5 दिन के भीतर सभी के बीच वर्दी बांट दी जाएगी। साल 2024 में कुछ कर्मियों को वर्दी के स्थान पर नगद राशि का भुगतान किया गया था, लेकिन इस साल प्रत्यक्ष रूप से वर्दी उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है।

**1.37 करोड़ रुपए वर्दी के लिए खर्च होने की संभावनाः** निगम की ओर से एक पुरुष कर्मचारी पर 2 सेट वर्दी और जूता सहित कुल 2,877 रुपए खर्च होंगे। इसी तरह एक महिला कर्मचारी पर कुल 2,373 रुपए खर्च का अनुमान है। निगम में कार्यरत 4317 पुरुष कर्मियों पर लगभग 1.24 करोड़ रुपए और 549 महिला कर्मियों पर करीब 13.02 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। इस प्रकार कुल मिलाकर 1 करोड़ 37 लाख 22 हजार 786 रुपए की राशि वर्दी आपूर्ति पर खर्च होने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

### SC/ST एक्ट व हत्या के प्रयास मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी**। जितना थाना क्षेत्र में SC/ST एक्ट एवं हत्या के प्रयास से जुड़े मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय अधिकारियों के निर्देश पर छापेमारी अभियान चलाया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सुल्तान मियां (पिता- शरीफ मियां) तथा खालिद अख्तर (पिता- अनवरुल अंसारी) के रूप में हुई है। दोनों आरोपी जगिराहा गांव के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने दोनों को उनके घर के समीप से गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित पक्ष की शिकायत पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम तथा हत्या के प्रयास की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में साक्ष्य संकलन के साथ अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि SC/ST एक्ट से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### 24 मार्च की दिल्ली रैली में पूर्वी चंपारण से सैकड़ों कार्यकर्ता होंगे शामिल



**बीएनएम @ मोतिहारी** : भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की पूर्वी चंपारण जिला कमिटी की बैठक चांदमारी, मोतिहारी स्थित जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कामरेड राजमंगल प्रसाद ने की, जबकि संचालन जिला मंत्री सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने किया। बैठक में राज्य सचिव कामरेड ललन चौधरी और शशिकांत राय पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। बैठक में वर्तमान राजनीतिक और सांगठनिक मुद्दों पर जिला मंत्री सत्येन्द्र कुमार मिश्र द्वारा विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस पर धनंजय पुरी, अशोक पाठक, बंकिम चंद्र दत्त, संतोष कुमार, मुकेश कुमार, शमसुल हक अंसारी, उगम राम, निर्मला चांदनी, हरेंद्र सिंह, मोहम्मद जमालुद्दीन, सुरेश सिंह, मोहम्मद आदाब अंसारी, बुनिलाल दास, ध्रुव त्रिवेदी, अनिल प्रसाद और विपिन बिहारी दुबे सहित कई सदस्यों ने चर्चा करते हुए प्रतिवेदन को पारित किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 24 मार्च 2026 को दिल्ली में आयोजित रैली में पूर्वी चंपारण से सैकड़ों कार्यकर्ता भाग लेंगे। इसके साथ ही 9 मार्च 2026 को मोतिहारी, सुगौली और मेहसी में दिल्ली रैली की तैयारी को लेकर सभाएं आयोजित की जाएंगी। इन सभाओं को पोलित ब्यूरो सदस्य कामरेड मरियम धवले, ललन चौधरी, राजमंगल प्रसाद और सत्येन्द्र कुमार मिश्र सहित अन्य नेता संबोधित करेंगे। रैली की तैयारी को लेकर जिले की सभी लोकल कमिटियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक के अंत में पूर्व विधायक कामरेड रामाश्रय सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### मंगनी चौक पर कार-बाइक की जोरदार भिड़ंत, बड़ा हादसा टला



**बीएनएम @ पताही**। थाना क्षेत्र के मंगनी चौक पर रविवार को कार और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और सभी लोग सुरक्षित बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों वाहन तेज रफ्तार में चौक की ओर आ रहे थे। इसी दौरान अचानक आमने-सामने होने से दोनों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर की तेज आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और हालात का जायजा लिया। घटना के बाद कुछ देर के लिए चौक पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात को सामान्य कराया। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। घटना के बाद क्षतिग्रस्त कार को देखकर लोग हैरान रह गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंगनी चौक पर तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से चौक पर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# अपराधियों पर 'सूंघती' नजर: एसपी स्वर्ण प्रभात का नया हथियार, डॉग स्क्वॉड मैदान में

**सागर सूरज**





**मोतिहारी**। जिले में अपराध नियंत्रण को नई धार देने के लिए मोतिहारी पुलिस ने एक अहम कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात की पहल पर अब जिले में प्रशिक्षित डॉग स्क्वॉड की तैनाती कर दी गई है। जर्मन शेफर्ड और लैब्राडोर नस्ल के विशेष रूप से प्रशिक्षित कुत्ते अब अपराधियों की तलाश में पुलिस की आंख और नाक दोनों बनेंगे।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इन कुत्तों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, जिससे वे घटनास्थल से सूक्ष्म से सूक्ष्म सुराग पकड़ने में सक्षम हैं। हत्या, चोरी, लूट और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे मामलों में इनकी भूमिका बेहद अहम साबित होगी। घटनास्थल पर पहुंचते ही ये कुत्ते गंध के आधार पर संदिग्धों की दिशा और संभावित ठिकानों तक पहुंचने में मदद करेंगे।

जानकारों का कहना है कि डॉग स्क्वॉड की मौजूदगी से न केवल अपराधों के खुलासे में तेजी आएगी, बल्कि अपराधियों के मन में भी पुलिस का खौफ बढ़ेगा। कई बार ऐसे मामलों में जहां प्रत्यक्षदर्शी नहीं होते या साक्ष्य सीमित होते हैं, वहां प्रशिक्षित कुत्तों की सूंघने की क्षमता जांच की कड़ी जोड़ने में निर्णायक साबित होती है।

एसपी स्वर्ण प्रभात का मानना है कि आधुनिक तकनीक के साथ-साथ पारंपरिक और प्रभावी तरीकों का समन्वय ही बेहतर कानून-व्यवस्था की कुंजी है। डॉग स्क्वॉड इसी सोच का हिस्सा है, जहां मानव बुद्धि और प्रशिक्षित कुत्तों की असाधारण घ्राण शक्ति मिलकर अपराध की गुत्थी सुलझाएंगे।

मोतिहारी में अब अपराधियों के लिए बच निकलना आसान नहीं होगा। जर्मन शेफर्ड और लैब्राडोर की पैनी निगाह और तेज सूंघने की क्षमता अपराध के हर निशान को तलाशने में जुटी रहेगी। जिले में यह नई पहल कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## मिलेट्स के मूल्य संवर्धन एवं विपणन पर किसानों को मिला आवासीय प्रशिक्षण

**बीएनएम @ मोतिहारी**



जिला के पिपराकोठी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में तीन दिवसीय कृषक आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम वैल्यू चेन एवं मिलेट्स के विपणन का समापन एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बिहार मिलेट्स वैल्यू चेन उत्कृष्टता केंद्र, डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा (समस्तीपुर) बिहार द्वारा प्रायोजित था। समारोह की गरिमामयी उपस्थिति में डॉ. अरविंद कुमार सिंह, वरिय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केंद्र पिपराकोठी, डॉ. ऋतंभरा सिंह, सह प्रध्यापक, आरपीसीएयू, पूसा, सविता कुमारी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (गृह विज्ञान) तथा मनीष कुमार, फार्म मैनेजर, कृषि विज्ञान केंद्र, पिपराकोठी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि मोटे अनाज (मिलेट्स) पोषण सुरक्षा के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने किसानों को मिलेट्स के मूल्य संवर्धन एवं वैज्ञानिक विपणन पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. ऋतंभरा सिंह ने मिलेट्स के वैल्यू चेन विकास, ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं बाजार से जुड़ाव के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संगठित प्रयासों एवं उचित विपणन रणनीति से किसान मिलेट्स उत्पादों से अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को मिलेट्स की उन्नत उत्पादन तकनीक, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन एवं बाजार प्रबंधन संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी किसानों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ तथा किसानों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया।

## होली पर्व को लेकर बाजार में नकली तेल व मिलावटी खाद्य पदार्थों से पटा बाजार

**बीएनएम @ मोतिहारी @ त्रिभुवन कुमार**



होली का पर्व नजदीक आते ही बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। लोग बड़ी संख्या में मिठाई, तेल, घी, मसाले और अन्य खाद्य सामग्री की खरीदारी कर रहे हैं। लेकिन इसी भीड़ और बढ़ती मांग का फायदा उठाकर मिलावटी और नकली खाद्य पदार्थों का कारोबार भी तेजी से फैल रहा है। बाजार में सस्ते दामों पर बिक रहे कई ब्रांडेड तेल और खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय दुकानों और अस्थायी ठेलों पर बिना ब्रांड या संदिग्ध पैकिंग में सरसों तेल, रिफाइंड तेल, घी, रंग, मिठाई और मसाले खुलेआम बेचे जा रहे हैं। कई दुकानों में नामी कंपनियों की तरह दिखने वाले पैकेटों में नकली तेल और मसाले रखकर ग्राहकों को बेचा जा रहा है। जानकारों का कहना है कि इन उत्पादों में मिलावट होने से लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है। त्योहारी सीजन में मिठाइयों की मांग बढ़ने के कारण खोवा, पनीर और तेल में मिलावट की आशंका भी बढ़ जाती है। कई जगहों पर रंग-बिरंगे मिठाई और नमकीन बनाने में घटिया गुणवत्ता के तेल और केमिकल रंगों का इस्तेमाल किए जाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। ग्राहकों का कहना है कि प्रशासन की ओर से नियमित जांच नहीं होने के कारण ऐसे दुकानदार बेखौफ होकर नकली और मिलावटी सामान बेच रहे हैं। लोगों ने खाद्य सुरक्षा विभाग से बाजारों में छापेमारी कर जांच करने की मांग की है, ताकि होली के अवसर पर लोग सुरक्षित और शुद्ध खाद्य पदार्थों का उपयोग कर सकें। विशेषज्ञों का कहना है कि उपभोक्ताओं को भी खरीदारी करते समय सावधानी बरतनी चाहिए। बिना लेबल या संदिग्ध पैकिंग वाले खाद्य पदार्थ खरीदने से बचें और भरोसेमंद दुकानों से ही सामान लें। वहीं प्रशासन से अपेक्षा है कि त्योहार को देखते हुए सघन जांच अभियान चलाकर मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## शांति और सौहार्द से मनाएं होली का पर्व : जिला प्रशासन

**बीएनएम @ मोतिहारी @ त्रिभुवन कुमार**



होली के पावन पर्व को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पूर्वी चंपारण जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी आदेश में जिले के सभी प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों को विधि-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन के अनुसार होलिका दहन 02 मार्च 2026 की रात्रि को तथा होली का पर्व 03 और 04 मार्च 2026 को मनाया जाएगा। किसी भी विवादित स्थल पर होलिका दहन न हो, इसके लिए सभी अनुमंडल पदाधिकारियों और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को स्वयं स्थलों का निरीक्षण करने तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सभी क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक आयोजित कर स्थानीय लोगों के साथ समन्वय बनाए रखने को कहा गया है। विधि-व्यवस्था पर नजर रखने के लिए मोतिहारी समाहरणालय में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष 02 मार्च की दोपहर से 05 मार्च तक लगातार सक्रिय रहेगा। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 06252-242418 जारी किया गया है। जिले में कुल 531 चिन्हित स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इनमें मोतिहारी सदर अनुमंडल में 215, सिकरहना में 154, पकड़ीदयाल में 96, चकिया में 89, रक्सौल में 45 तथा अरेराज अनुमंडल में 32 स्थान शामिल हैं। प्रत्येक अनुमंडल में वरीय अधिकारियों को क्षेत्र का विशेष दायित्व सौंपा गया है। जिले के सभी थानों को अलर्ट मोड में रखा गया है। चौकीदार-दफादार के माध्यम से आसूचना संग्रह को सुदृढ़ किया जाएगा। दंगा निरोधी दस्ता, SDRF टीम, फायर सर्विस, चिकित्सा दल, एंबुलेंस तथा क्विक रिस्पांस टीम (QRT) को भी पूरी तरह सक्रिय रखा गया है। सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर रोक लगाने के लिए साइबर सेल को सक्रिय मोड में रखा गया है। किसी भी भ्रामक सूचना फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पर्व के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा अश्लील गीतों के प्रसारण पर भी रोक लगाई गई है। साथ ही राज्य में लागू शराबबंदी कानून का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने नगर निकायों और संबंधित विभागों को पर्व के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल और साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। सदर अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों और एंबुलेंस की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे आपसी भाईचारे और शांति के साथ होली का पर्व मनाएं, किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत जिला नियंत्रण कक्ष या निकटतम थाना को दें।

## होली मिलन समारोह में झलकी एकता की रंगत, समाज में सौहार्द बढ़ाने का आह्वान

**बीएनएम @ हरसिद्धि**



जन जीवन चंपारण फाउंडेशन की ओर से रविवार को हरसिद्धि में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम समाजसेवी अखिलेश कुशवाहा के दरवाजे पर आयोजित हुआ, जिसमें फाउंडेशन के सदस्यों के साथ-साथ कई गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। समारोह का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को एक मंच पर लाकर आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करना था। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिलेश कुशवाहा ने की, जबकि संचालन नित्यानंद कुमार ने किया। आयोजन को सफल बनाने में अखिलेश कुशवाहा, नीरज शाक्य, संजीव कुमार और नीतीश मौर्य समेत फाउंडेशन के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी नागेंद्र बिहारी, मुखिया दशरथ सिंह, सरपंच राजू साह, पूर्व जिप सदस्य उमेश सिंह कुशवाहा, सामाजिक कार्यकर्ता जंग बहादुर कुशवाहा, शिक्षक सुरेंद्र यादव और नागेश कुमार ने लोगों को संबोधित किया। वक्ताओं ने होली को प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का पर्व बताते हुए सभी से मिलजुल कर त्योहार मनाने की अपील की।

## होली को लेकर हरसिद्धि में पुलिस का फ्लैग मार्च, शांति बनाए रखने की अपील

**बीएनएम @ हरसिद्धि**




होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को हरसिद्धि थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष ऋषभ कुमार के नेतृत्व में निकाले गए इस फ्लैग मार्च में पुलिस बल के जवानों ने क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों और बाजारों में भ्रमण किया। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर विभिन्न गांवों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों से गुजरते हुए पुनः थाना पहुंचा। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ होली का त्योहार मनाएं तथा किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि होली के दौरान जबरन रंग लगाने, हुड़दंग करने, नशे की हालत में उत्पात मचाने या शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि त्योहार को लेकर क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है और संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। सोशल मीडिया पर भी पुलिस की नजर रखी जा रही है, ताकि भ्रामक सूचना फैलाकर माहौल बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को समय रहते रोका जा सके। फ्लैग मार्च में अपर थानाध्यक्ष राजेश सिंह, एसआई अविनाश कुमार, एसआई शम्भू मालाकार, एसआई प्रीतम कुमार, एसआई शिखा कुमारी सहित कई पुलिस अधिकारी और जवान शामिल रहे।

## पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में एनएसयुआई कि प्रचंड जीत पर हर्ष

» **समर्थकों ने कहा सांसद पप्पू यादव द्वारा जारी बिहार के बेटियों की सुरक्षा और न्याय कि मजबूत लड़ाई कि जीत है।**

**बीएनएम @ मोतिहारी**





पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में 40 साल बाद एनएसयुआई ने अध्यक्ष पद पर जीत का परचम लहराया है, जिसके बाद पुरे बिहार के एनएसयुआई कार्यकर्ताओ और सांसद पप्पू यादव के समर्थकों में हर्ष का माहौल है। छात्र नेता -सह- जन अधिकार छात्र परिषद के पूर्व तिरहुत प्रमंडल अध्यक्ष आकाश सिंह राठौड़ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में 40 साल बाद एनएसयुआई ने पहली बार जीत का परचम लहराया है। अध्यक्ष पद पर शांतनु शेखर की प्रचंड जीत सिर्फ एक चुनावी परिणाम नहीं, यह संघर्ष, साहस और संकल्प की ऐतिहासिक विजय है। इस ऐतिहासिक जीत में सांसद पप्पू यादव का भी अहम योगदान है। पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में एनएसयुआई की यह प्रचंड जीत उस जिद का प्रतिफल है, जो नीट छात्रा को न्याय दिलाने के लिए उठी थी जब सत्ता खामोश थी, तब सिर्फ सांसद पप्पू यादव ने आवाज उठाई। यह जीत पूरे बिहार की बेटियों की सुरक्षा, उनके इंसाफ और उनके हक की जीत है। छात्र नेता श्री सिंह ने कहा कि यह उन आंखों के आंसुओं की जीत है, जो न्याय की उम्मीद में थीं। यह उन हाथों की जीत है, जो पोस्टर और तख्तियां लेकर सड़कों पर उतरे। यह उस भरोसे की जीत है, जो युवाओं ने बदलाव के लिए दिखाया। कहा कि संकल्प लेते हैं कि बेटियों की सुरक्षा, उनके सम्मान और न्याय के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे। यह जीत जिम्मेदारी भी है और वादा भी। एनएसयुआई के सभी साथियों को दिल से बधाई और शुभकामनाएं। आपने साबित कर दिया कि जब युवा ठान ले, तो इतिहास बदल जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### एसएसबी का निःशुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन

**250 ग्रामीणों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण**




**बीएनएम @ रक्सौल** : सीमावर्ती क्षेत्र के वाइब्रेन्ट विलेज सेनुवरिया में रविवार को सशस्त्र सीमा बल की 47वीं वाहिनी, रक्सौल द्वारा निःशुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में 47वीं वाहिनी के डॉ. निशि कान्त, कमांडेंट (मेडिकल) के नेतृत्व में करीब 250 स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान मरीजों का बीपी, शुगर सहित अन्य सामान्य बीमारियों की निःशुल्क जांच की गई। जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों को आवश्यक दवाइयां भी मुफ्त में उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम में सहायक कमांडेंट उत्तम कुमार घोष, सेनुवरिया ग्राम के वार्ड सदस्य तुलसी पासवान तथा 47वीं वाहिनी चिकित्सालय के अन्य कर्मी भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविरों से दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को काफी राहत मिलती है और समय पर इलाज की सुविधा भी उपलब्ध हो जाती है।

### होली को लेकर पताही में पुलिस का फ्लैग मार्च, शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील



**बीएनएम @ पताही**। होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर पताही थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च का नेतृत्व थानाध्यक्ष बबन कुमार ने किया। इस दौरान पुलिस बल ने क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील इलाकों और प्रमुख चौक-चौराहों पर भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। थानाध्यक्ष बबन कुमार ने बताया कि होली के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, हुड़दंग या असामाजिक गतिविधि को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार गश्त कर रही है और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ होली का पर्व मनाएं। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

### पचास लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, बाइक भी जब्त



**बीएनएम @ अरेराज**। बिहार में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अरेराज उत्पाद पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने हरसिद्धि थाना क्षेत्र के मटियरिया कांटा चौक के समीप घेराबंदी कर एक बाइक सवार तस्कर को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान तस्कर के पास से 50 लीटर अवैध देशी चुलाई शराब बरामद हुई। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त हीरो सुपर स्प्लेंडर बाइक (रजिस्ट्रेशन नंबर BR05AC9019) को भी जप्त कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान हरसिद्धि के उजैनलोहियार गांव निवासी मदन पासवान के पुत्र प्रमोद पासवान के तौर पर हुई है। उत्पाद थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अरविंद कुमार के नेतृत्व में एसआई अजित कुमार सिंह और उत्पल कुमार ने इस छापेमारी को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है I

### गोविन्दगंज में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, सुरक्षा का दिया भरोसा असामाजिक तत्वों को दी सख्त चेतावनी



**बीएनएम @ अरेराज**। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और आम जनमानस में सुरक्षा का भाव सुदृढ़ करने के उद्देश्य से गोविन्दगंज पुलिस द्वारा सघन फ्लैग मार्च निकाला गया। थानाअध्यक्ष राजू कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस बल के जवानों ने मुख्य सड़कों, व्यस्त बाजारों और संवेदनशील इलाकों में गश्त कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य इलाके में कानून व्यवस्था को पुख्ता करना और आम लोगों के बीच पुलिस के प्रति विश्वास जगाना था। थानाअध्यक्ष ने स्पष्ट संदेश दिया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अराजकता या शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते उचित कदम उठाए जा सकें। इस अभियान में पुलिस टीम की सक्रियता देखते ही बन रही थी। मार्च में मुख्य रूप से पु०अ०नि० पुजा कुमारी, पु० अ० नि० वीरेन्द्र कुमार और पु०अ०नि० रणविजय सिंह के साथ गोविन्दगंज थाने का सशस्त्र बल शामिल रहा।

### होली को लेकर पलनावा थाना में शांति समिति की बैठक

**बीएनएम @ रामगढ़वा**। होली पर्व के मद्देनजर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शनिवार को पलनावा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने की। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और हुड़दंग करने वाले तत्वों पर नजर रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि होली के दौरान किसी भी तरह की हुड़दंग, अस्लीलता या शांति भंग करने वाली गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान समिति के सदस्यों ने सुझाव दिया कि संवेदनशील स्थानों पर पुलिस गश्त बढ़ाई जाए तथा शराबबंदी और ध्वनि प्रदूषण पर विशेष नजर रखी जाए। स्थानीय लोगों ने भी परंपरा और भाईचारे के साथ होली मनाने का भरोसा दिलाया। थानाध्यक्ष ने कहा कि किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत थाना को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी क्षेत्र में कोई व्यक्ति उपद्रव फैलाने की कोशिश करता है तो इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें। बैठक में पूर्व मुखिया पति बृजकिशोर यादव, धीरज कुमार, रामप्रकाश रौशन, सौरंजन यादव, आबताब आलम, राजेश कुमार रौशन गुप्ता, अपर थानाध्यक्ष भीम सिंह, पीएसआई रूपम कुमारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति और पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

# डुमरियाघाट ने अपने वीर सपूत का किया गया ऐतिहासिक स्वागत, गूंजे "जय हिंद" के नारे

- गाजे बाजे और फूल मालाओं के साथ गगनभेदी नारों के साथ हुआ सेना अधिकारी का स्वागत
- रिटायर्ड सैनिक संघ ने भी अपने जवान का किया भव्य स्वागत
- सैकड़ों वाहन और हजारों लोगों के काफिला के साथ जवान पहुंचे अपने गांव रमपुरवा





**बीएनएम @ डुमरियाघाट**

कहते हैं कि भारतीय सेना के प्रति लोगों के दिलों में जो सम्मान और प्रेम है, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। इसका जीवंत उदाहरण रविवार को डुमरियाघाट में देखने को मिला, जब भारतीय सेना से कमांडिंग ऑफिसर के पद से सेवा निवृत्त होकर थाना क्षेत्र के रमपुरवा गांव निवासी स्वर्गीय महावीर दुबे के पुत्र अरुण कुमार दुबे पहली बार अपने गांव पहुंचे। उनके आगमन को लेकर सुबह से ही ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सैकड़ों वाहनों का काफिला, गाजे-बाजे और "वंदे भारत", "जय हिंद" तथा "भारतीय सेना जिंदाबाद" के गगनभेदी नारों के साथ ग्रामीणों ने डुमरियाघाट की सीमा पर पहुंचकर उनका भव्य स्वागत किया। सबसे पहले धनगढ़हां चौक पर फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया गया। इसके बाद सेमुआपूर और रामपुर खजुरिया चौक पर भी जगह-जगह स्वागत द्वार बनाकर लोगों ने पुष्प वर्षा की। अपने वीर सपूत की एक झलक पाने के लिए लोग बेताब नजर आए। वाहनों का लंबा काफिला रामपुर खजुरिया चौक से होते हुए रमपुरवा गांव पहुंचा। गांव पहुंचते ही श्री दुबे सबसे पहले रमपुरवा मठ परिसर गए, जहां उन्होंने अपने श्रद्धेय चाचा कपिल दुबे के समाधि स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर मत्था टेका। तत्पश्चात मठ परिसर में भगवान का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। गांव भ्रमण के दौरान उनका काफिला जब उनके दरवाजे पर पहुंचा तो वहां भी ग्रामीणों ने फूलों की बौछार कर और मालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोगों ने उनके साथ सेल्फी लेकर इस ऐतिहासिक पल को यादगार बनाया। बाद में अरेराज रिटायर्ड सैनिक संघ द्वारा मंच पर उनका भव्य अभिनंदन किया गया। केक काटकर खुशियां मनाई गईं। श्री दुबे ने भी सभी पूर्व सैनिकों का सम्मान करते हुए उनका आभार व्यक्त किया और कहा कि "देश सेवा का अवसर मिलना जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है।" मेरा यह सौभाग्य है कि मैं अपने देश की सेवा में अपना जीवन व्यवतीत किया। उन्होंने कहा कि आगे भी मेरा परिवार देश सेवा के लिए तत्पर रहेगा। लोगों का उत्साह और स्वागत अभिनंदन देखकर वह भाव विहार हो रहे थे। इस अवसर पर चतुर्गुण दुबे, संदीप दुबे, चंदेश्वर सिंह, आदित्य मिश्र, चंद्रकेत मिश्र, मुक्तिनाथ मिश्र, प्रदीप गिरी, मनीष कुमार, नवनीत दुबे, प्रभात दुबे, कृष्णा मिश्रा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। डुमरियाघाट की धरती ने अपने वीर सपूत का जिस जोश और सम्मान के साथ स्वागत किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया।

## होली को लेकर बेतिया पुलिस सतर्क, दंगा नियंत्रण टीम का गठन व मॉक ड्रिल

**बीएनएम @ बेतिया**



आगामी होली पर्व को लेकर पश्चिम चंपारण में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए विशेष दंगा नियंत्रण टीम का गठन किया गया है। रविवार को बेतिया स्थित पुलिस केंद्र के मैदान में गठित टीम का मॉक ड्रिल कराया गया। अभ्यास के दौरान पुलिसकर्मियों को दंगा या किसी भी आपात स्थिति से निपटने की रणनीति और त्वरित कार्रवाई का प्रशिक्षण दिया गया। दंगा नियंत्रण टीम के सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, चेस्ट गार्ड, लाठी और टियर गैस जैसे सुरक्षा उपकरणों से लैस किया गया है। यह टीम 24 घंटे सक्रिय रहेगी और किसी भी आपातकालीन स्थिति, दंगा या विधि- व्यवस्था की समस्या होने पर तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करेगी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि होली पर्व के दौरान जिले में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## हथियार लहराते हुए वीडियो वायरल करने वाला युवक गिरफ्तार,

- गोविंदगंज पुलिस ने बरामद किया देसी कट्टा और कारतूस

**बीएनएम @ अरेराज**




सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ प्रदर्शन करना एक युवक को भारी पड़ गया। दरअसल, इंटरनेट पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा था जिसमें एक युवक अपने हाथ में देसी कट्टा लहराते हुए डांस कर रहा था। वीडियो पर 'प्रिंस यादव' लिखा हुआ था, जिसकी जांच करने पर पुलिस को पता चला कि यह युवक गोविन्दगंज थाना क्षेत्र के नवादा (वार्ड नंबर 11) का रहने वाला प्रिंस कुमार उर्फ प्रिंस यादव है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अरेराज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रवि कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चिन्हित स्थान पर छापेमारी की और 20 वर्षीय आरोपी प्रिंस कुमार को धर दबोचा। पुलिस की पूछताछ और आरोपी की निशानदेही पर वह देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद कर लिया गया जो वीडियो में दिखाई दे रहा था। इसके अलावा पुलिस ने आरोपी का मोबाइल भी जब्त कर लिया है। इस पूरी कार्रवाई में गोविन्दगंज थाना अध्यक्ष राजू कुमार मिश्रा, पर्यवेक्षी पदाधिकारी प्रणव कुमार, एस.आई पूजा कुमारी और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस ने इस मामले में गोविन्दगंज थाना कांड संख्या 54/26 दर्ज कर ली है और आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## रामगढ़वा राजद कार्यालय में होली मिलन समारोह, पूर्व विधायक ई. शशि भूषण सिंह ने दी शुभकामनाएं

**बीएनएम @ रामगढ़वा**



आगामी होली पर्व को लेकर स्थानीय राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शशि भूषण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पूर्व विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी मतभेदों को भुलाकर प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के रंग में रंगने का संदेश देता है। उन्होंने लोगों से सामाजिक सद्भाव बनाए रखते हुए शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की। समारोह के दौरान पूर्व विधायक ने नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ गुलाल खेलकर खुशियां साझा की। इस अवसर पर जयकिशोर यादव, मुकेश यादव, मिथिलेश पासवान, गुड्डू कुमार, राजेश यादव और मोहम्मद मूसा सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर होली की अग्रिम बधाई दी। कार्यक्रम में सांस्कृतिक माहौल भी देखने को मिला। आमंत्रित गायकों ने होली गीत प्रस्तुत कर माहौल को रंगीन बना दिया। महिला गायिका द्वारा गाया गया गीत "तोहार पर कोई तकेला त तकलीफ होला दिल के" सुनकर कार्यकर्ता झूम उठे और पूर्व विधायक के साथ उत्सव का आनंद लिया।

## गोविंदगंज थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**बीएनएम @ अरेराज**

आगामी होली के त्योहार को आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गोविंदगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता गोविंदगंज थानाध्यक्ष राजू मिश्रा ने की, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य जनप्रतिनिधि और प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक के दौरान थानाध्यक्ष राजू मिश्रा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि होली खुशियों और सौहार्द का पर्व है, इसलिए इसे पूरे उत्साह के साथ मनाएं लेकिन इस दौरान कानून व्यवस्था का उल्लंघन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पर्व के दौरान हुड़दंग करने वाले, अश्लील गाने बजाने वाले और नशा कर शांति भंग करने वाले तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने ग्रामीणों और समिति के सदस्यों से अपील की कि यदि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अफवाह फैलने की सूचना मिले, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। बैठक में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध और सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट न डालने की चेतावनी भी दी गई। अंत में थानाध्यक्ष ने सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की ताकि क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ त्योहार मनाया जा सके।

## चंपारण की बेटी ने रांची में रचा इतिहास, हरमू से जीतकर डिप्टी मेयर की मजबूत दावेदार

**बीएनएम @ रांची**



रांची नगर निगम चुनाव में हरमू क्षेत्र से सुषमा राज (पतिः रिंकू वर्मा) ने शानदार जीत दर्ज कर नई पहचान बनाई है। चंपारण की बेटी के रूप में जानी जाने वाली सुषमा राज की इस उपलब्धि से क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों और स्थानीय नागरिकों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई। इस मौके पर अधिवक्ता संजय कुमार वर्मा, युगराज, रंजय कुमार वर्मा, सज्जल कुमार, उपेंद्र प्रसाद, प्रदीप कुमार, कुंदन कुमार, चंदन कुमार, राजेश कुमार, पप्पू, अधिवक्ता सुशील कुमार, नन्हे कुमार सहित बड़ी संख्या में मोहल्लावासी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुषमा राज की जीत से हरमू क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। उनकी लोकप्रियता और बढ़ते जनसमर्थन को देखते हुए उन्हें डिप्टी मेयर पद की एक सशक्त और प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

## शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं होली का त्योहार, बदमाशी पर होगी कारवाई

**बीएनएम @ डुमरियाघाट**



आगामी होली के त्योहार को लेकर रविवार को डुमरियाघाट थाना परिसर पर शांति समिति के बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष विवेक कुमार बालेंदु ने कहा कि होली पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाएं। किसी भी प्रकार की अवैध शराब का निर्माण, बिक्री या सेवन न करें तथा ऐसी सूचना तुरंत थाना को दें। जहरीली शराब का सेवन जानलेवा है कृपया स्वयं भी बचें एवं दूसरों को भी जागरूक करें। पूर्व के आपसी विवाद, जमीन विवाद या व्यक्तिगत रंजिश को लेकर झगड़ा-विवाद न करें। असामाजिक तत्वों द्वारा शांति भंग करने का प्रयास किए जाने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। जबरन रंग लगाने, अभद्र व्यवहार, मारपीट या हुड़दंग करने से बचें। डीजे, तेज आवाज एवं अश्लील गीतों से सामाजिक माहौल खराब न करें। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं एवं नाबालिगों को वाहन न दें। विशेष चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध शराब से संबंधित गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी। कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना अध्यक्ष ने उपस्थित लोगों से प्रेम और सौहार्द पूर्णिमा हाल में होली का पर्व मनाने का अपील किया। मौके पर प्रमोद यादव, विकास कुमार, भागेश्वर यादव, जेपी मिश्रा, प्रभात रंजन, प्रदीप कुमार, सुभाष भगत, प्रदीप गिरी समेत अन्य मौजूद थे।

## जम्मू एलओसी पर दिखा पाकिस्तानी ड्रोन, भारतीय सेना की ताबड़तोड़ फायरिंग के बाद दुम दबाकर भागा

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर रविवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब भारतीय सीमा के भीतर एक पाकिस्तानी ड्रोन घुसपैठ की कोशिश करता नजर आया। दिगवार इलाके में आसमान में मंडराते इस संदिग्ध ड्रोन को देखते ही मुस्तैद भारतीय सेना के जवानों ने बिना कोई देरी किए अपनी बंदूकें तान लीं। जवानों ने इसे मार गिराने के इरादे से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी, जिससे दुश्मन के खेमे में दहशत फैल गई। गोलियों की बौछार के बीच बचा ड्रोन, चप्पे-चप्पे पर सर्च ऑपरेशन जारी अधिकारियों के मुताबिक, फॉरवर्ड पोस्ट पर तैनात सतर्क जवानों ने सुबह करीब 6 बजकर 10 मिनट पर इस दुश्मन ड्रोन को देखा था। इसे नेस्तनाबूद करने के लिए जवानों ने एक दर्जन से भी ज्यादा राउंड गोलियां दागीं। हालांकि, भारतीय सेना के इस कड़े प्रहार के बीच ड्रोन बाल-बाल बच गया और कुछ ही देर में वापस पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की तरफ भाग निकला। घटना के तुरंत बाद इलाके में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस ड्रोन के जरिए घाटी में कोई हथियार या नशीले पदार्थ तो नहीं गिराए गए हैं। तीन दिन में दूसरी बार नापाक साजिश, सीमा पर हाई अलर्ट पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पिछले महज तीन दिनों के भीतर यह दूसरी बार है जब सीमा पार से इस तरह की ड्रोन हलचल देखने को मिली है और भारतीय सैनिकों को फायरिंग करनी पड़ी है। इससे पहले 27 फरवरी को भी इसी इलाके में जवानों ने एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन पर फायरिंग कर उसके मंसूबों पर पानी फेरा था। लगातार हो रही इन घुसपैठ की कोशिशों को देखते हुए पूरी नियंत्रण रेखा पर हाई अलर्ट कर दिया गया है और जवान हर हरकत पर पैनी नजर बनाए हुए हैं।

# होली : रंग, संस्कृति और जीवन दर्शन का उत्सव

**उदय कुमार सिंह**

भारत विविधताओं, परंपराओं और उत्सवों का देश है। यहां मनाए जाने वाले प्रत्येक पर्व का अपना सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक महत्व है। इन्हीं पर्वों में होली का विशेष स्थान है। रंगों, उमंगों और प्रेम का संदेश देने वाला यह त्योहार केवल एक उत्सव नहीं बल्कि भारतीय जीवन दर्शन का जीवंत प्रतीक है। होली प्रकृति, संस्कृति और मानवीय भावनाओं का अद्भुत संगम है, जो समाज में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की भावना को मजबूत करता है। भारतीय सनातन संस्कृति में प्रत्येक पर्व उत्सव के साथ-साथ आध्यात्मिक संदेश और जीवन दर्शन का प्रतीक होता है। उन्हीं पावन पर्वों में से एक है होली, जो रंगों, उल्लास और भक्ति का अद्भुत संगम माना गया है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह पर्व केवल बाहरी रंगों का उत्सव नहीं बल्कि अंतर्मन को प्रेम, करुणा और सद्भाव से रंगने का अवसर है।

**रंगों का त्योहार–** होली का नाम लेते ही मन में रंगों की फुहार, हंसी-ठिठोली और उल्लास का वातावरण सजीव हो उठता है। होली जीवन के उत्साह और आनंद का प्रतीक है। यह पर्व मनुष्य के भीतर छिपी प्रसन्नता को बाहर लाने का अवसर प्रदान करता है। यह केवल रंगों का त्योहार नहीं बल्कि भावनाओं का उत्सव है। फाग गीतों की मधुरता, ढोल-मंजीरों की थाप, मित्रों और परिजनों की हंसी तथा अबीर-गुलाल की रंगत इस पर्व को विशेष बनाती है। प्रकृति भी मानो इस उत्सव में सहभागी बन जाती है। आम के पेड़ों पर आई बौर, भंवरों की गूंज, खिले हुए फूल और कोयल की मधुर कूक वातावरण को आनंदमय बना देती है।

**इसबार होली कब है?–** इस साल 3 मार्च को चंद्रग्रहण लगने जा रहा है। इसलिए सबसे बड़ा सवाल यह है कि रंग कब खेला जाएगा? ज्योतिष के अनुसार , चंद्रग्रहण लगने के नौ घंटे पहले से सूतक काल प्रारंभ हो जाता है। सूतक काल में किसी भी तरह के धार्मिक उत्सव मनाने से परहेज किया जाता है। ऐसे में होली 4 मार्च 2026 को मनाया जाएगा। अगर शास्त्र सम्मत विधि की बात की जाए तो ग्रहण के समापन के उपरांत रंग खेल सकते हैं इसलिए धुलंडी (रंगों की होली) 4 मार्च को ही खेली जाएगी।

**चंद्रग्रहण का समय–** पंचांग के अनुसार, इस बार होली के साथ चंद्रग्रहण भी लगने जा रहा है, जो भारत में दृश्यमान रहेगा। इसलिए सम्पूर्ण भारत में ग्रहण का सूतक काल भी लागू रहेगा। भारतीय समयानुसार, चंद्रग्रहण 3 मार्च को दोपहर में 3 बजकर 20 मिनट से प्रारंभ हो जाएगा, जिसका समापन शाम 6 बजकर 47 मिनट पर होगा। अगर कुल अवधि की बात की जाए तो इस बार का चंद्रग्रहण 3 घंटे 27 मिनट तक दिखेगा। ऋतु से होली का संबंध होली का सीधा संबंध ऋतुओं के राजा बसंत से है। बसंत ऋतु प्रकृति के नवजीवन का प्रतीक मानी जाती है। पतझड़ के बाद जब वृक्षों पर नई कोपलें फूटती हैं, खेतों में सरसों पीली चादर ओढ़ लेती है और वातावरण सुगंधित हो उठता है, तब होली का आगमन होता है। बसंत प्रेम, नवचेतना और उल्लास का संदेश लेकर आता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी ऋतु में भगवान श्रीराम का माता सीता से प्रथम मिलन हुआ था। भगवान श्रीकृष्ण ने वृंदावन में गोपियों संग रास रचाकर प्रेम और आनंद का संदेश दिया। महाशिवरात्रि का पावन पर्व भी इसी काल में आता है, जो भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य मिलन की स्मृति से जुड़ा है। इस प्रकार होली केवल सामाजिक नहीं, बल्कि धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

**होली का संदेश–** होली बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक पर्व है। होलिका दहन की परंपरा हमें यह सिखाती है कि अहंकार, अन्याय और अधर्म का अंत निश्चित है। पौराणिक कथा के अनुसार, भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति के सामने अत्याचारी हिरण्यकश्यप और होलिका का अहंकार नष्ट हो गया। इसलिए होलिका दहन केवल एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन की नकारात्मकताओं को त्यागने का प्रतीक है। यह पर्व नवसंवत्सर के स्वागत की भी तैयारी है। होली हमें मन की कलुषता, ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य को त्याग कर नए उत्साह और सकारात्मक सोच के साथ जीवन की नई शुरुआत करने का संदेश देती है। होली मिलन कार्यक्रम सामाजिक समरसता और आपसी मेल-जोल को बढ़ावा देते हैं।

**होली और रंगों की परंपरा–** होली रंगों का त्योहार है और रंग जीवन के विविध भावों के प्रतीक हैं। लाल रंग प्रेम और ऊर्जा का, पीला रंग खुशहाली का, हरा रंग समृद्धि का तथा नीला रंग शांति और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। होली के दिन बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी रंगों में सराबोर हो जाते हैं। गलियों, मोहल्लों, गांवों और शहरों में उत्साह का वातावरण दिखाई देता है। हाथों में पिचकारियां, चेहरे पर मुस्कान और दिलों में अपनापन- यही होली की असली पहचान है। इस दिन सामाजिक भेदभाव समाप्त हो जाते हैं और सभी लोग एक समान होकर उत्सव मनाते हैं। "बुरा न मानो होली है" केवल एक वाक्य नहीं बल्कि जीवन को सहजता और प्रसन्नता से जीने का संदेश है। यह पर्व हमें क्षमा, अपनापन और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा देता है। होली की सामाजिक और सांस्कृतिक महत्ता होली आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे का प्रतीक है। यह पर्व रिश्तों में आई दूरियों को मिटाने का अवसर प्रदान करता है। लोग पुराने गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे को गले लगाते हैं और शुभकामनाएं देते हैं। परंपरा के अनुसार, होली के दिन लोग मित्रों और रिश्तेदारों के घर जाकर अबीर-गुलाल लगाते हैं, बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते हैं और बच्चों को स्नेह प्रदान करते हैं। मिठाइयों और पकवानों का आदान-प्रदान सामाजिक संबंधों को और मजबूत बनाता है। आज के व्यस्त जीवन में जहां लोगों के बीच दूरी बढ़ती जा रही है, वहां होली जैसे पर्व समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। यह हमें याद दिलाती है कि जीवन का वास्तविक आनंद प्रेम, सहयोग और सद्भाव में ही निहित है।

**प्रह्लाद की अटूट भक्ति–** होली का मूल संबंध भक्त प्रह्लाद और उनके पिता हिरण्यकशिपु की कथा से जुड़ा है। हिरण्यकशिपु असुरराज था, जिसने अपने अहंकार में स्वयं को ईश्वर घोषित कर दिया था। किंतु उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का अनन्य भक्त था। अनेक यातनाएं देने के बावजूद प्रह्लाद की भक्ति अडिग रही। अंततः हिरण्यकशिपु की बहन होलिका, जिसे अग्नि से न जलने का वरदान प्राप्त था, प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठ गई। किन्तु दैवीय न्याय देखिए, होलिका जलकर भस्म हो गई और प्रह्लाद सुरक्षित रहे। इसी स्मृति में होलिका दहन किया जाता है। यह दहन केवल लकड़ियों, गोबर के उपलों और बल्लों का नहीं बल्कि अहंकार, क्रोध, ईर्ष्या और पाप प्रवृत्तियों का होता है।


**रंगों की होली–** होलिका दहन के दूसरे दिन रंगों की होली खेली जाती है। यह दिन सामाजिक समरसता और आपसी प्रेम का प्रतीक है। छोटे-बड़े, अमीर-गरीब, जाति-पंथ के भेद मिटाकर सभी एक-दूसरे को रंग लगाते हैं। सनातन परंपरा में ब्रजभूमि में इस त्यौहार का विशेष महत्व है। वृंदावन और बरसाना की लठमार होली विश्व प्रसिद्ध है। इस त्यौहार राधा-कृष्ण की दिव्य लीलाओं की स्मृति है, जो ब्रज जी गलियों सहित पूरे भारत में आज भी जीवंत है।

**होली मनाने की परंपराएं–** होली भारत के अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग तरीकों से मनाई जाती है। होली मानने की कुछ परंपराओं में ब्रज की लठमार होली (बरसाना और नंदगांव) शामिल है। ब्रज की लठमार होली दुनिया भर में प्रसिद्ध है। यहां पर खेली जाने वाली होली भगवान कृष्ण व राधा के प्रेम का प्रतीक मानी जाती है। मान्यता है कि कृष्ण अपने सखाओं के साथ बरसाना होली खेलने जाते थे और राधा व उनकी सखियां उन्हें लाठियों से रोकती थीं। इसलिए आज भी यह होली खेली जाती है, जिसमें महिलाएं पुरुषों को डंडों से पीटती हैं। पुरुष खुद को ढाल से बचाते हैं। यह पूरी होली हंसी-मजाक और गीतों के साथ होती है। फूलों की होली (वृंदावन, उत्तर प्रदेश): फूलों की होली वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में एकादशी के दिन मनाई जाती है। यहां रंगों या गुलाल की जगह ताजे फूलों की पंखुड़ियों का उपयोग किया जाता है। मंदिर के पुजारी भक्तों पर फूल बरसाते हैं। भक्त भगवान पर फूल और गुलाल उड़ाते हैं। धुलंडी और डोलची होली (राजस्थान): यह मुख्य रूप से राजस्थान के जयपुर, उदयपुर और कोटा जैसे शहरों के आस पास के क्षेत्र में मनाई जाती है। इस दिन लोग एक-दूसरे को अबीर-गुलाल और पानी वाले रंगों से सराबोर कर देते हैं।

# नया बीज बिल- 2026: किसानों के हक और बीज की क्वालिटी के लिए नई दिशा

**सुनील कुमार महला**

भारत दुनिया के खेती-बाड़ी वाले देशों में से एक है। यह कहना गलत नहीं होगा कि देश की एक बड़ी आबादी अभी भी सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से खेती पर निर्भर है। अनुकूल मौसम, उपजाऊ मिट्टी और अलग-अलग भौगोलिक हालात कई तरह की फसलों की खेती के लिए सही हैं। गेहूं, चावल, गन्ना, दालें, तिलहन, कपास और मसाले जैसी फसलें न सिर्फ देश की खाने की ज़रूरतों को पूरा करती हैं, बल्कि एक्सपोर्ट के ज़रिए विदेशी मुद्रा कमाने में भी अहम भूमिका निभाती हैं। खेती-बाड़ी का सेक्टर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और लाखों लोगों को रोज़गार देता है। इसके अलावा, पशुपालन, डेयरी फार्मिंग, मछली पालन और बागवानी जैसे सहायक सेक्टर किसानों की इनकम बढ़ाने में मददगार साबित हो रहे हैं। समय-समय पर लागू की गई सरकारी योजनाएं और मॉडर्न टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल खेती को ज़्यादा प्रोडक्टिव, फायदेमंद और टिकाऊ बनाने में मदद कर रहा है। इस तरह, खेती न सिर्फ रोज़ी-रोटी का ज़रिया है, बल्कि भारत के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक ताने-बाने का एक अहम हिस्सा भी है। इस संदर्भ में, भारत सरकार एक नया सीड्स बिल, 2026 लाने की तैयारी कर रही है, जिसका मकसद एग्रीकल्चर सेक्टर में बड़े सुधार लाना है। यह पुराने सीड्स एक्ट, 1966 की जगह लेगा। अभी, सीड इंडस्ट्री में टेक्नोलॉजी में तरक्की और मल्टीनेशनल कंपनियों के बढ़ते असर की वजह से, पुराना कानून काफी नहीं माना जा रहा है। सरकार का मकसद किसानों को मजबूत कानूनी सुरक्षा देना, सीड मार्केट में ट्रांसपेरेंसी लाना और कॉर्पोरेट कंपनियों की मनमानी पर असरदार कंट्रोल करना है। कृषि मंत्रालय ने किसान संगठनों, सीड इंडस्ट्री और दूसरे स्टेकहोल्डर्स से इनपुट लेने के बाद इस बिल का ड्राफ्ट तैयार किया है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद, इसे पार्लियामेंट के मौजूदा सेशन में पेश करने और जल्द से जल्द पास करने का प्लान है। नए कानून का बैकग्राउंड 2015-16 के बीटी कॉटन विवाद से जुड़ा है। जैसा कि पाठक जानते हैं, रॉयल्टी को लेकर अमेरिकी कंपनी मोनसेंटो और भारतीय सीड कंपनियों के बीच एक गंभीर विवाद खड़ा हो गया था। मोनसेंटो अपनी टेक्नोलॉजी के लिए बहुत ज़्यादा रॉयल्टी ले रही थी, जिससे सीड की कीमतें बढ़ गईं और किसानों पर एक्स्ट्रा फाइनेंशियल बोझ पड़ा। भारत सरकार ने बीटी कॉटन के बीजों के लिए एक सीलिंग प्राइस और रॉयल्टी में कमी का ऑर्डर दिया। कंपनी ने इस फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में चैलेंज किया, और मामला सुप्रीम कोर्ट चला गया। इस कानूनी लड़ाई से पता चला कि पुराना कानून मल्टीनेशनल कंपनियों की पावर को कंट्रोल करने और बीज की कीमतों और क्वालिटी पर सरकार के अधिकार को साफ करने में कमजोर था। असल में, इसी स्थिति ने नए सीड्स बिल का आधार बनाया। प्रस्तावित सीड्स बिल 2026 सभी बीजों का सरकारी रजिस्ट्रेशन ज़रूरी बनाता है, और बिना सरकारी मंज़ूरी के कोई भी बीज बाज़ार में नहीं बेचा जाएगा। पुराने कानून के तहत, कंपनियां अपने बीजों को असली लेबल वाली कैटेगरी में बिना किसी सख्त रजिस्ट्रेशन ज़रूरत के बेच सकती थीं, लेकिन अब यह तरीका खत्म कर दिया जाएगा। नया कानून बीजों के लिए साफ क्वालिटी स्टैंडर्ड तय करेगा। अगर कोई बीज खराब निकलता है और फसलों को नुकसान पहुंचाता है, तो संबंधित कंपनी को किसानों को हर्जाना देना होगा। यह कहना सही होगा कि इससे किसानों को सीधे कानूनी अधिकार मिलेंगे। इसके अलावा, बिल में एक डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम और एक नेशनल सीड रजिस्टर का भी प्रावधान है। इससे यह पक्का होगा कि हर बीज की वैरायटी, बनाने वाले और मालिक की जानकारी सरकारी रिकॉर्ड में सुरक्षित रहे। इससे नकली और घटिया बीजों की बिक्री रुकेगी और बीज की चोरी और गुमराह करने वाले दावों पर कंट्रोल होगा। बिना रजिस्टर्ड बीज बेचने, क्वालिटी स्टैंडर्ड का उल्लंघन करने या गलत जानकारी देने वाली कंपनियों के लिए सख्त सज़ा और भारी जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है। बीज की कीमत और क्वालिटी कंट्रोल में सरकार की भूमिका को और मज़बूत और साफ़ किया जाएगा, जिससे बड़ी कंपनियाँ मनमानी रॉयल्टी या बहुत ज़्यादा कीमत वसूल नहीं कर पाएँगी। असल में, सरकार ने यह भी साफ़ किया है कि किसानों को पारंपरिक बीजों के लिए बिना किसी रजिस्ट्रेशन की ज़रूरत के अपने बीज बदलने और बेचने की आज़ादी बनी रहेगी। कुल मिलाकर, नया सीड्स बिल 2026 एक ज़रूरी और बड़ा कानूनी सुधार है जो किसानों को मुआवज़ा, बीज बाज़ार में ट्रांसपेरेंसी, क्वालिटी एश्योरेंस और कॉर्पोरेट कंट्रोल पर रोक का अधिकार पक्का करता है। अच्छी खबर यह है कि नकली बीजों की वजह से पैसे का नुकसान और मानसिक तनाव झेल रहे किसानों को राहत देने के लिए कानूनी नियमों को मज़बूत किया जा रहा है। ध्यान देने वाली बात यह है कि प्रस्तावित बिल में नकली बीज बेचने पर 30 लाख रुपये तक का जुर्माना और तीन साल तक की जेल का प्रावधान है। इसके अलावा, सरकार बीजों की कीमत और क्वालिटी को रेगुलेट करेगी, जिससे कंपनियां किसानों से मनमानी कीमतें नहीं वसूल पाएंगी। नकली बीजों के साथ-साथ नकली खाद की समस्या भी लंबे समय से है। बीज बनाने वालों की तरफ से दिए जाने वाले बीजों की क्वालिटी खराब होने से यह समस्या और बढ़ गई है। मौजूद डेटा के मुताबिक, पिछले पांच सालों में देश में 250,000 से ज़्यादा किसान नकली बीजों की वजह से परेशान हुए हैं। फसल खराब होने से मेंटल स्ट्रेस बढ़ा है और सुसाइड की खबरें भी आई हैं। असल में, एक साल में फसल खराब होने का खामियाजा किसानों को अगले चार से पांच साल तक भुगतना पड़ता है। कर्ज का बोझ भी बढ़ जाता है। देश में शायद ही कोई ऐसा इलाका हो जहां नकली खाद और बीजों का धंधा न हो। जैसा कि एक जाने-माने हिंदी अखबार ने लिखा, सरकार ने लोकसभा में माना है कि साल 2024-25 में टेस्ट किए गए 2.5 लाख सैंपल में से 32,525 बीज नकली पाए गए। मार्केट में कितनी बड़ी मात्रा में नकली खाद और बीज पहुंच रहे हैं, इसका सही डेटा मौजूद नहीं है। किसानों को तब पता चलता है जब उनकी फसल बर्बाद हो जाती है। हिंदी अखबार यह भी साफ-साफ कहता है, चाहे महाराष्ट्र में नकली कपास के बीजों से प्रभावित किसानों का मामला हो या आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान और मध्य प्रदेश में छापे के दौरान जब्त किए गए नकली खाद और बीजों का मामला हो-कमजोर कानून व्यवस्था हर जगह दोषियों को बचा रही है। हर साल हजारों परिवार इस समस्या से प्रभावित होते हैं, क्योंकि फसल खराब होने से कर्ज बढ़ जाता है और परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो जाते हैं। यह भी चिंता की बात है कि हाल के सालों में छापे कम हुए हैं, और दोषियों को सजा भी काफी कम मिली है। असरदार मॉनिटरिंग की कमी के कारण, संबंधित एजेंसियां अक्सर लापरवाही के लिए किसानों को ही दोषी ठहराती हैं। यह बात कि नकली बीजों के बारे में सिर्फ एक-तिहाई शिकायतों पर ही कार्रवाई हुई है, इस स्थिति का सबूत है। आखिरकार, बुनियादी सवाल किसानों की सुरक्षा और भरोसे का है। सिर्फ कानून बनाना काफी नहीं है, उन्हें सख्ती से लागू करना भी जरूरी है।




**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगे और बात भी मानेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा। बिजनेस में बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते है, लेकिन शुरू करने से पहले अपनों से बड़ों की सलाह जरूर ले लें।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज इस बात का खास ख्याल रखें की दूसरों से तभी दोस्ती करें और अपनी बाते शेयर करें जब उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें और उसे भली-भांति समझ लें। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पिता आपके बिजनेस में आपका सहयोग करेंगे।

**मिथुन राशि** : आज का दिन खुशियां लेकर आया है। अपनी सकारात्मक सोच को सार्थक कामों में लगायेंगे तो आपकी रचनात्मक प्रतिभा सबके सामने खुलकर आएगी, लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ जायेगा। आज घर पर किसी चीज की मरम्मत करानी पड़ेगी। महिलाओं को घर के कार्यों से राहत मिलेगी। आज का आर्थिक पक्ष अच्छा रहेगा। शाम का समय भाई बहनों के साथ हंसी-मजाक में बीतेगा।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगे। आज काम के हिसाब से फल मिलेंगे। जिस बड़े लक्ष्य को पूरा करने की इच्छा है, उससे संबंधित रास्ता मिलेगा। समय का सही इस्तेमाल करके काम पूरा करें। आज सभी जरूरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे।

**सिंह राशि** : आज का दिन आपके जीवन में खुशियाँ लेकर आया है। आज बच्चों को करियर के मामले में बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातें ग़ौर से सुनें, भविष्य में आपके लिए फायदेमंद रहेगी। युवाओं को बढ़िया नौकरी मिलने की संभावना बन रही है। कारोबार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हुए हैं उन्हे पुराने किये गये कार्यों में वाह-वाही मिलेगी।

**कन्या राशि** : आज का दिन फायदेमंद साबित होने वाला है। आज आपको पहले किये गये छोटे-मोटे कार्यों से भी पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा। सफलतायें छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी इससे आपका सकारात्मक विचार बनेगा। ऑफिस के कार्यों को करते समय फोकस बनायें रखें।

**तुला राशि** : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज अपने काम को आसान तरीके से करने का रास्ता निकाल लेंगे। नई योजना पर काम शुरू हो सकता है। परिवार की जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएंगे, जिससे प्रसन्नता बनी रहेगी। पैसों से संबंधित चिंता दूर होगी।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी। आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज आपकी इच्छा शक्ति मजबूत बनी रहेगी। आज आपको अपने अन्दर इगो लेन से बचना होगा।

**धनु राशि** : आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। करीयर को बढ़ाने मे किये गये प्रयासों के चलते लाभ होगा। आज अपने प्रिय व्यक्ति की निकटता से आपको खुशी होगी। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। संतान की सफलता के कारण, घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा।

**मकर राशि** : आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी, आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है, मेहनत के अच्छे परिणाम आपको हासिल होंगे।

**कुंभ राशि** : आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। आज परिस्थितियों को ठीक से देखेंगे तो हर एक समस्या को हल कर पाएंगे। किसी जरूरी काम से की गई यात्रा सुखद रहेगी।

**मीन राशि** :आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आज अपनी जरूरत का सामान खरीदेंगे। दांपत्य जीवन में और मधुरता आएगी। आज नकारात्मक विचारों को दूर करके खुद में सुधार करेंगे। आज गुस्से को नियंत्रित करने की कोशिश करें। आज आपको काम की जगह नए अवसर मिलेंगे।

# समष्टि चित्त का उल्लास

**गिरीश्वर मिश्र**

मनुष्य जीवन का अस्तित्व, पोषण और उत्थान पारस्परिक संबंधों के बीच ही संभव है। यह तथ्य सर्वविदित है किंतु आज के सामाजिक जीवन में अकेले व्यक्ति के अपने अहंकार का अभिमान इतना प्रचंड होता जा रहा है कि वह सबकुछ भूल कर उसके विस्तार के लिए किसी भी तरह की हिंसा का सहारा लेने से नहीं चूकता। वह सिसृक्षा के मूल आशय को भी भूल जाता है। यह विश्वात्मा की एक से अनेक होने- एकोहं बहुस्याम्- की उद्दाम आकांक्षा ही थी जो सृष्टि में सृजन का व्याज बनी। कहते हैं अन्य को रच कर विश्वात्मा ने उस रचना में स्वयं उपस्थित होकर उसे अनन्य बना दिया। आज भी दूसरों के साथ जुड़ाव जीवन के स्पंदन का आधार बना हुआ है। प्रगाढ़ रिश्तों की उदार विशालता से व्यक्ति, समुदाय और देश सकारात्मक रूप से सक्रिय होते हैं और उसके अभाव में बिखर कर टूट जाते हैं। इस सत्य को भारतीय समाज ने बहुत पहले आत्मसात् किया था और संगच्छध्वम् संवधध्वम् संवो मनांसि जानताम् का उद्घोष किया था। इस भाव को अपने जीवन में उतारने के लिए वर्षभर अनेक उत्सवों और पर्वों की संकल्पना की गई जिसमें व्यक्ति अपने सीमित स्व से ऊपर उठकर अपने को सबमें और सबको अपने में देखने की चेष्टा करता है। ऐसा करते हुए मनुष्य न केवल समाज बल्कि प्रकृति के साथ भी एकाकार होने की संभावना को तलाशता रहता है। इसी में आनंद मिलता है जो जीवन का प्रयोजन है। होली का उत्सव इसी लौकिक तलाश का मूर्त रूप है। होली वसंत में मनाई जाती है जब पूरी सृष्टि में एक साथ उल्लास के बीज का विस्फोट दिखता है। प्रसिद्धि है कि नया रमणीय होता है इसलिए सबके मन को भाता है। नए के लिए मन में उत्सुकता और उमंग होती है। अज्ञात और अनागत का आकर्षण वसंत के आगमन में चतुर्दिक दिखता है। उत्साह के साथ होली में एक क़िस्म का उन्माद का भाव आता है जब हम अपने को भुला कर आनंद का अनुभव करते हैं। प्रकृति में परिवर्तन का संदेश राग और अनुराग के कोमल भावों को जीवित करता है। वह यही कहता है कि सालभर जिन सफलताओं और विफलताओं का मीठा कड़वा अनुभव करते रहे हैं उन सबसे आगे बढ़कर या परे जाकर जीवन क्रम के नाटक का नया अंक शुरू करें। होली का उत्सव पुराने का आतंक भूल नए चित्र कैनवस पर उकेरने की पुकार लगाता है। भारत में ऋतुराज वसंत इस दृष्टि से अनोखा और समृद्ध होता है कि इसके आगमन के साथ ठंड को किनारे कर प्रकृति अपने सौंदर्य की ऊष्मा का सारा संचित खजाना लुटाने के लिए व्यग्र हो उठती है। वसंत के निजी दूत बने पशु-पक्षी गाकर, तरु, लता, गुल्म, और पादप नव किसलय और पुष्प के साथ सज-धज कर बड़ी मुस्तैदी से इस मस्ती भरी असीम व्यग्रता का डंका बजाते हैं। नवलता वसंत में उमग पड़ती है- नवल कुसुम नव पल्लव साखा, कूजत नवल मधुर पिक कीर। वायुमंडल में भी बदलाव आता है और फागुन की मदमाती बयार हर किसी के चित्त को उन्मथित किए देती है। यह सब कमोबेश एक व्यवस्थित क्रम में कालचक्र की निश्चित गति से आयोजित होता है। कुल मिला कर प्रकृति इस बीच कोमल और आकर्षक नया परिधान धारण कर सजती है। खेतों और बाग-बगीचों में विभिन्न रंगों की अद्भुत चित्रकारी देखते बनती है। बिना किसी व्यतिक्रम के सहज स्वाभाविक संगति में ये विविधता भरा जादुई परिवर्तन नया आकर्षक और उत्साहवर्धक परिदृश्य रच देता है। संक्रामक वसंत सार्वभौमिक-सा है, कुछ उसी तरह जैसे जीवन विस्तार में यौवन की अवस्था स्वाभाविक रूप से आती है। इसी समय बुलबुल और कोयल की मीठी बोली भी आमंत्रण देती है। प्रवासी पक्षी भी इस बीच हजारों मिल दूर साइबेरिया तक से चले आते हैं। वसंत की दस्तक के साथ आंतरिक और बाह्य अस्तित्व में बदलाव की श्रृंखला शुरू होती है। इसकी अभिव्यक्ति विभिन्न देशों में अनेक किस्म के त्योहारों और अभिव्यक्तियों में होती हैं। वसंत भारत में रंगों की निराली छटा में दिखता है। वायुमंडल में तमाल, महुआ, नीम और पलाश आदि विभिन्न वृक्षों की गंध आगे पीछे आती है। आम में बौर आने लगते हैं। रसिया और गणगौर के गीत में वसंत की ही गूंज होती है। ऊधमी वसंत के साथ झाँझ, मृदंग, ढोल और मजीरा के साथ फाग की उमंग अनूठी होती है। वसंतोत्सव सालभर मनाए जाने वाले विभिन्न उत्सवों का सिरमौर है। कहते हैं काम का सेनापति है वसंत। आता है और थोड़े समय में ही ओझल हो जाता है। यह सचमुच में एक लोक उत्सव है-लोक यानी वह जगत जिसमें सभी शामिल होते हैं। मनुष्य और प्रकृति सभी इस लोक के अंश और भागीदार होते हैं। वृक्ष और जंगल सृष्टि के नयेपन के संकल्प को जीवित रखते हैं। होली के साथ भारतीय नया वर्ष और संवत्सर का आरम्भ भी होता है। यह जीवन के नए ऋतुचक्र की शुरुआत होती है। फागुन के बाद चैत के महीने में आम के बौर में कैरियाँ आती हैं मानों उत्कंठा के बाद तृप्ति का आस्वाद आता है। प्रिय पास न हों तो यह वसंत बड़ा दुःख देता है, मन बिलखता-छटपटाता है। साहित्य की चेतना में दर्द, आकुलता, विरह, प्रेमातिशय, उन्माद और माधुर्य की प्रखर अनुभूतियों के साथ वासंती कविताएँ रची गई हैं। फाग और मधुर चैती के गीतों में साथ ले चलने की पुकार तीव्र होती है। रंगों के इस त्योहार ब्रज क्षेत्र में वृंदावन और बरसाने की होली का सौंदर्य गौर वर्ण की श्रीराधा और श्याम वर्ण घनश्याम श्रीकृष्ण की स्मृति और अनुभूति से सराबोर होती है। आनंद की उन्मुक्त अभिव्यक्ति ब्रज की रागिनी में छायी रहती है। यहाँ के लोकगीतों में यह सहज अभिव्यक्ति कुछ इस तरह जीवंत होती है : आज बिरज में होरी रे रसिया। इत ते आए कुँअर कन्हैया , उत ते राधा गोरी रे रसिया। कौन के हाथ कनक पिचकारी, कौन के हाथ कमोरी रे रसिया। कृष्ण के हाथ कनक पिचकारी, राधा के हाथ कमोरी रे रसिया। उड़त गुलाल लाल भए बादल, मारत भर-भर झोरी रे सखिया। अबीर गुलाल के बादल छाये, धूम मचाई रे सब मिल सखिया। चंद्रसखी भज बाल कृष्ण छवि, चीर जीवो यह जोड़ी रे रसिया। होली की पिछली रात होलिका दहन होता है और सम्मत जलाई जाती है। जो घट चुका उससे आगे बढ़ने का साहस देता नया संवत्सर आरम्भ होता है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# आकिब नबी बने टीम इंडिया की नई उम्मीद, रणजी सीजन में रचा बड़ा इतिहास

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय क्रिकेट को जल्द ही एक धाकड़ तेज गेंदबाज मिलने जा रहा है। 29 वर्षीय पेसर आकिब नबी रेड बॉल क्रिकेट में लगातार कमाल करते हुए इंटरनेशनल क्रिकेट की दहलीज पर दस्तक दे रहे हैं। मौजूदा रणजी ट्रॉफी सीजन में उनकी घातक गेंदबाजी ने उन्हें सुर्खियों में ला दिया है। जम्मू-कश्मीर के इस तेज गेंदबाज ने पूरे सीजन बल्लेबाजों को जमकर परेशान किया और फाइनल मुकाबले में भी अपना दम साबित किया। कर्नाटक के खिलाफ केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे खिताबी मुकाबले की पहली पारी में नबी ने शानदार 5 विकेट चटकाए। उनकी दमदार गेंदबाजी की बदौलत कर्नाटक की पारी 293 रन पर सिमट गई और जम्मू-कश्मीर ने 291 रन की बड़ी बढ़त हासिल कर इतिहास रचने की ओर कदम बढ़ा दिए।<रणजी फाइनल के चौथे दिन पहले सेशन में दो विकेट लेकर नबी ने अपना 5 विकेट हॉल पूरा किया। तीसरे दिन उन्होंने तीन विकेट लिए थे। यह उनके फर्स्ट क्लास करियर का 16वां और मौजूदा रणजी सीजन का सातवां 5 विकेट हॉल है। नबी ने कुल 23 ओवर फेंके, जिसमें 7 मेडन ओवर शामिल रहे। उन्होंने केवल 54 रन देकर 5 खिलाड़ियों को पवेलियन भेजा और 2.30 की किफायती इकॉनमी बनाए रखी। उन्होंने केएल राहुल, मयंक अग्रवाल और करुण नायर जैसे दिग्गज बल्लेबाजों को शिकार बनाया। इस शानदार प्रदर्शन के साथ आकिब नबी रणजी ट्रॉफी 2025-26 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने उत्तराखंड के मयंक मिश्रा को पीछे छोड़ दिया, जिनके नाम 59 विकेट थे। नबी अपने 10वें मैच तक 60 विकेट ले चुके हैं। इससे पहले वे 9 मैचों में 55 विकेट ले चुके थे। पूरे सीजन में उन्होंने दो बार 4 विकेट और 7 बार 5 विकेट हॉल दर्ज किया है। आकिब ने इस सीजन 60 विकेट लेकर रणजी ट्रॉफी के 92 साल के इतिहास में एक सीजन में इतने विकेट लेने वाले सिर्फ तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में जगह बनाई है। उनका फर्स्ट क्लास करियर भी शानदार रहा है, जहां वे अब तक 41 मैचों में 156 विकेट ले चुके हैं। लिस्ट ए क्रिकेट में भी उनके नाम 56 विकेट दर्ज हैं। ऐसे में उनकी फॉर्म को देखते हुए चयनकर्ता जल्द ही उन्हें टीम इंडिया में मौका दे सकते हैं। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली भी आकिब नबी की प्रतिभा से प्रभावित हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर ने साबित किया है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प से असंभव भी संभव है। गांगुली ने बीसीसीआई अधिकारियों को टैग करते हुए कहा कि आकिब नबी राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के बेहद करीब हैं और इंग्लैंड में गर्मियों के दौरान उन्हें मौका दिया जाना चाहिए।

# एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए भारत की 20 सदस्यीय टीम घोषित, लवलीना और निकहत संभालेंगी कमान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत की दो शीर्ष महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन और निकहत जरीन मंगोलिया में 28 मार्च से 11 अप्रैल तक होने वाली एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में देश की 20 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगी। भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) ने एक महीने की विस्तृत मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद टीम का चयन किया है। जनवरी में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद संभावित खिलाड़ियों को पटियाला स्थित राष्ट्रीय शिविर में बुलाया गया था, जहां चयन नीति के तहत उनके प्रदर्शन का आकलन किया गया। इस चैंपियनशिप के परिणामों के आधार पर राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के लिए प्राथमिकता तय की जाएगी, इसलिए इस टूर्नामेंट का महत्व काफी बढ़ गया है। महिलाओं में मुख्य ज़िम्मेदारी लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) निभाएंगी, जिन्होंने हाल ही में स्पेन में बॉक्सम एलीट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। उनके साथ स्वर्ण विजेता प्रीति (54 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा), और प्रिया (60 किग्रा) को टीम में जगह मिली है। मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी (48 किग्रा) और जैस्मीन (57 किग्रा) भी टीम का हिस्सा होंगी। महिला टीम में अन्य महत्वपूर्ण मुक्केबाजों में शामिल हैं अंकुशिता बोरो (65 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा) और हेवीवेट वर्ग में अल्फिया तरन्नुम अकरम खान पठान (80 किग्रा से अधिक)। पुरुष टीम की अगुवाई करेंगे सचिन (60 किग्रा), जिन्होंने विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल और बॉक्सम चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता था। उनके साथ स्पेन में स्वर्ण जीतने वाले आकाश (75 किग्रा) को भी टीम में शामिल किया गया है। रजत विजेता दीपक (70 किग्रा), अंकुश (80 किग्रा) और कांस्य विजेता जदुमणि सिंह मंडेंगबाम (55 किग्रा) भी टीम का हिस्सा हैं। अन्य चयनित मुक्केबाजों में विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा), आदित्य प्रताप यादव (65 किग्रा), लोकेश (85 किग्रा), हर्ष चौधरी (90 किग्रा), और नरेंद्र (90 किग्रा से अधिक) शामिल हैं। भारतीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि एशियाई चैंपियनशिप में दबाव और कौशल की कड़ी परीक्षा होती है, और टीम ऐसे मुक्केबाजों से चुनी गई है जिन्होंने बेहतर फॉर्म, अनुशासन और बड़े मंच पर प्रदर्शन की क्षमता दिखाई है। महिला टीम का मूल्यांकन मुख्य कोच सैंटियागो नीवा और पुरुष टीम का आकलन सीए कटप्पा की निगरानी में किया गया। हाल ही में भारत ने स्पेन में आयोजित बॉक्सम एलीट चैंपियनशिप में नौ स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया था।

# प्राग इंटरनेशनल शतरंज फेस्टिवल के चौथे दौर में डी. गुकेश को डेविड नवारा ने रोका

**एजेंसी, प्राग**



प्राग इंटरनेशनल शतरंज फेस्टिवल के चौथे दौर में विश्व चैंपियन डी. गुकेश की पहली जीत की तलाश जारी रही। उन्हें चेक गणराज्य के दिग्गज ग्रैंडमास्टर डेविड नवारा ने ड्रॉ पर रोक दिया। डी. गुकेश ने 'रूई लोपेज बर्लिन' ओपनिंग में बढ़त बनाने की कोशिश की, लेकिन अनुभवी डेविड नवारा ने सटीक बचाव किया। 72 चालों के बाद रूक और प्यादों के एंडगेम में मुकाबला ड्रॉ रहा। इसी दिन नीदरलैंड के जॉर्डन वान फोरेस्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार मुकाबलों में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। उन्होंने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुब्बोएव को पराजित किया। गत चैंपियन अरविंद चितांबरम को जर्मनी के विन्सेंट कीमर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।अन्य मुकाबलों में अमेरिका के हैंस मोक नीमन और ईरान के परहाम मगसूदलू के बीच बाजी बराबरी पर छूटी। स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने भी अंक साझा किए। अंक तालिका में जॉर्डन वान फोरेस्ट तीन अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। उनके पीछे नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और डेविड नवारा ढाई अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। नोदिरबेक याकुब्बोएव, विन्सेंट कीमर और डेविड एंटोन गुइजारो उनसे आधा अंक पीछे हैं। डी. गुकेश, अरविंद चितांबरम, हैंस मोक नीमन और परहाम मगसूदलू 1.5 अंकों के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर हैं। अरविंद चितांबरम ने 'फिलिडोर डिफेंस' अपनाया, पर विन्सेंट कीमर ने किंग-साइड आक्रमण से बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ी ने पहले एक प्यादा और फिर एक ऊंट गंवाया, जिसके बाद वापसी संभव नहीं हो सकी। चैलेंजर्स वर्ग में भारत की दिव्या देशमुख ने चेक गणराज्य के वानक्लाव फिनेक से ड्रॉ खेला। वहीं सूर्य शेखर गांगुली ने स्टेपन हर्बेक के साथ अंक बांटे। वानक्लाव फिनेक तीन अंकों के साथ चैलेंजर्स वर्ग में शीर्ष पर हैं, जबकि दिव्या के 1.5 और सूर्य शेखर गांगुली के एक अंक हैं।

# ब्लैक बेल्ट पाकर 55 ताईक्वांडो खिलाड़ियों के खिले चेहरे



**एजेंसी, मुरादाबाद**

जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को आरएसडी स्पोर्ट्स एकेडमी में 55 ताईक्वांडो खिलाड़ियों को ब्लैक बेल्ट का वितरण हुआ। इस दौरान जिले के ताइक्वांडो खिलाड़ियों को नई तकनीकियां भी समझाई गईं। जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के सचिव शाहवेज़ अली ने बताया कि कलर बेल्ट वितरण शिविर में ताइक्वांडो खिलाड़ियों को एडवांस प्रशिक्षण भी दिया गया। इसमें खिलाड़ियों को नई तकनीक और कौशल के बारे में जानकारी दी गई व आगामी राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन दिखा सकें। इस तरह के शिविर का संचालन जिले में अलग-अलग स्थानों पर आगे भी आयोजित होते रहेंगे। इससे जिले के खिलाड़ियों में जागरूकता बनी रहेगी व सभी खिलाड़ी आगामी राज्य, राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेरते रहेंगे। आरएसडी एकेडमी के निदेशक डॉ. विनोद कुमार व डॉ. जी. कुमार ने कहा कि इस समय सभी स्कूलों में परीक्षाएं चल रही हैं। इसके बावजूद भी खिलाड़ियों में ताइक्वांडो को लेकर अधिक जोश बना हुआ है। वह खूब पसीना बहा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि पढ़ाई के साथ खेल और शारीरिक व्यायाम भी अधिक महत्पूर्ण है।

# दुबई एयरपोर्ट के पास धमाका, पीवी सिंधु को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु को दुबई एयरपोर्ट के पास हुए धमाके के बाद सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया है। वह अपनी टीम के साथ एयरपोर्ट पर फंसी हुई थीं, जहां अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण उड़ान संचालन अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर दिया गया था। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन खेलने के लिए रवाना हुई थीं, लेकिन हालात बिगड़ने के कारण उन्हें दुबई में रुकना पड़ा। एयरस्पेस बंद होने से कई उड़ानें प्रभावित हुईं और यात्री एयरपोर्ट पर ही इंतजार करने को मजबूर हो गए। सिंधु ने सोशल मीडिया पर बताया, "स्थिति हर घंटे और भयावह होती जा रही है। कुछ घंटे पहले एयरपोर्ट पर जहां हम ठहरे हुए थे, उसके पास जोरदार धमाका हुआ। मेरे कोच को धुएं और मलबे के सबसे करीब होने के कारण तुरंत वहां से भागना पड़ा। वह हम सभी के लिए बेहद तनावपूर्ण और डरावना पल था।" उन्होंने आगे कहा कि फिलहाल सभी सुरक्षित हैं और दुबई एयरपोर्ट स्टाफ व स्थानीय प्रशासन की मदद से उन्हें अधिक सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। सिंधु ने दुबई में स्थित भारतीय उच्चायोग का भी विशेष रूप से आभार जताया, जिसने लगातार संपर्क में रहकर सहायता प्रदान की। उन्होंने कहा कि अब वे हालात सामान्य होने का इंतजार कर रहे हैं। क्षेत्र में बढ़ते सैन्य तनाव के चलते खाड़ी देशों के एयरस्पेस को बंद कर दिया गया है। इससे एमिरेट्स और एयर इंडिया सहित कई एयरलाइंस की उड़ानें प्रभावित हुई हैं। अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमले के बाद ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने जवाबी कार्रवाई करते हुए ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं।इजरायल के साथ-साथ बहरीन, कुवैत और कतर में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाए जाने से पूरे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।

## व्यापार

# पश्चिम एशिया में बने भू-राजनैतिक तनाव पर रहेगी निवेशकों की नजर




**मुंबई**। पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट देखने को मिली और आने वाले सप्ताह में निवेशकों की निगाहें पश्चिम एशिया में बने भू-राजनैतिक तनाव पर रहेंगी। 28 फरवरी की सुबह अमेरिका और इजराइल ने संयुक्त सैन्य कार्रवाई करते हुए ईरान पर हमला किया। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल और अमेरिका के कुछ ठिकानों सहित पश्चिम एशिया के अन्य देशों पर हमले किए। निवेशक इस बात पर ध्यान देंगे कि क्षेत्रीय परिस्थितियां कैसे बदलती हैं और इन हमलों का वैश्विक अर्थव्यवस्था तथा भारतीय बाजारों पर क्या असर होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की भू-राजनैतिक घटनाओं के कारण निवेशक जोखिम-से-विमुख रुख अपना सकते हैं। तेल की कीमतों में तेजी आने की संभावना है, जिससे ऊर्जा और पेट्रोलियम क्षेत्र के शेयर प्रभावित हो सकते हैं। वैश्विक बाजारों में दबाव बढ़ने की स्थिति में भारतीय शेयर बाजार में भी नकारात्मक असर देखने को मिल सकता है। 27 फरवरी को जारी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े भी निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण संकेत देंगे। इसके अलावा फरवरी के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई आंकड़े, जनवरी का औद्योगिक उत्पादन और वाहन बिक्री के आंकड़े आने वाले सप्ताह में जारी होंगे। ये आंकड़े भारत की अर्थव्यवस्था की स्थिति, उपभोक्ता मांग और उत्पादन गतिविधियों को दर्शाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि इस सप्ताह बाजार पर सबसे बड़ा दबाव भू-राजनैतिक तनाव का रहेगा। आर्थिक आंकड़े और उद्योग रिपोर्टें भी निवेशकों के निर्णयों को प्रभावित करेंगी, लेकिन उनका असर अधिकतर चयनित सेक्टरों तक सीमित रहेगा। निवेशक विशेष रूप से तेल, रक्षा, बैंकिंग और उपभोक्ता आधारित शेयरों पर नजर रखेंगे।

# आज से बिना सिम नहीं चलेगा वॉट्सएप

**नई दिल्ली**। 1 मार्च 2026 से 4 अहम बदलाव लागू होने जा रहे हैं। इसका सीधा असर आपकी जिंदगी पर पड़ेगा। आज यानी रविवार से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 31 रुपए तक महंगा हो गया है। वहीं ATF के दाम बढ़ने से हवाई सफर महंगा हो सकता है। इसके अलावा अब फोन में एक्टिव सिम के बिना वॉट्सएप जैसे मैसेजिंग एप्स काम नहीं करेंगे। रेलवे का अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (UTS) एप काम करना बंद कर देगा।

**बिना एक्टिव सिम के नहीं चलेंगे वॉट्सऐप और टेलीग्राम-** आज से मैसेजिंग एप्स के लिए 'सिम-बाइंडिंग' नियम लागू हो गए हैं। सरकार के इस नियम के बाद अब वॉट्सऐप, टेलीग्राम और सिग्नल जैसे मैसेजिंग एपस तभी काम करेंगे, जब फोन में वही सिम कार्ड एक्टिव मोड में लगा हो जिससे अकाउंट बनाया गया है। इसके अलावा अगर आप कंप्यूटर पर वॉट्सएप जैसे एप्स चलाते हैं तो लॉगिन वॉट्सएप भी 6 घंटे में लॉगआउट हो जाएगा। पहले ये एक बार लॉगिन करने पर हफ्तों तक चलता था।

**क्यों लिया गया यह फैसला:** अक्सर साइबर अपराधी सिम निकालकर केवल वाई-फाई के जरिए मैसेजिंग एप्स का इस्तेमाल कर धोखाधड़ी करते थे। अब सिम हटते ही ऐप अपने आप लॉगआउट हो जाएगा। इससे फ्रॉड रोकने में मदद मिलेगी।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में नौ का मार्केट कैप 2.18 लाख करोड़ घटा

## शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही



**मुंबई**। पिछले सपताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 2,18,902.09 करोड़ की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में भारती एयरटेल रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,527.52 अंक या 1.84 प्रतिशत नीचे आया। शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 55,852.12 करोड़ रुपये घटकर 10,71,853.25 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक के मूल्यांकन में 37,580.1 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 13,65,659.38 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 34,846.12 करोड़ रुपये घटकर 18,86,832.66 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 20,316.41 करोड़ रुपये घटकर 6,20,070.59 करोड़ रुपये पर आ गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 18,180.89 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 9,53,872.59 करोड़ रुपये रहा। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत 14,990.24 करोड़ घटकर 5,37,213.68 करोड़ रह गई। लार्सन एंड टुब्रो का बाजार पूंजीकरण 13,714.85 करोड़ घटकर 5,88,837.39 करोड़ रहा। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 13,061.33 करोड़ घटकर 11,09,520.23 करोड़ रुपये पर आ गई। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 10,360.03 करोड़ घटकर 9,86,986.64 करोड़ पर आ गया। इस रुख के विपरीत हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 5,462.81 करोड़ रुपये बढ़कर 5,49,393.18 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, एसबीआई, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# इस महीने 18 दिन बैंकों में काम नहीं होगा:5 रविवार और 2 शनिवार के अलावा अलग-अलग जगहों पर 11 दिन बैंक बंद रहेंगे



**नई दिल्ली**। इस महीने यानी मार्च में देश के अलग-अलग राज्यों में कुल 18 दिन बैंकों में कामकाज नहीं होगा। RBI की ओर से जारी कैलेंडर के अनुसार, अगले महीने 5 रविवार और दूसरे-चौथे शनिवार के अलावा 11 दिन अलग-अलग जगहों पर बैंक बंद रहेंगे। इस महीने 3 मार्च को देश के ज्यादातर राज्यों में बैंक बंद रहेंगे। ऐसे में अगर आपको अगले महीने बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम हो तो इन छुट्टियों को ध्यान में रखना होगा। यहां देखें मार्च 2026 में आपके राज्य या लोकेशन में बैंक कब-कब बंद रहेंगे...

**ऑनलाइन बैंकिंग के जरिए निपटा सकेंगे काम-** आप बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और ATM के जरिए पैसे का लेनदेन या अन्य काम कर सकते हैं। इन सुविधाओं पर बैंकों की छुट्टियों का कोई असर नहीं पड़ेगा।

**मार्च में शेयर बाजार में 12 दिन कारोबार नहीं-** मार्च 2026 में शेयर बाजार में 12 दिन कारोबार नहीं होगा। इसमें 9 दिन शनिवार और रविवार को कारोबार नहीं होगा। इसके अलावा शेयर बाजार 3 मार्च को होली, 26 मार्च को श्री रामनवमी और 31 मार्च को श्री महावीर जयंती पर भी बंद रहेगा।

# कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर महंगा, 28 रुपए बढे दाम

## नई दरें देश के प्रमुख महानगरों में लागू



**नई दिल्ली**। तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। इस फैसले से रेस्टोरेंट, होटल और छोटे व्यवसायों की लागत बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। नई दरें देश के प्रमुख महानगरों में लागू हो गई हैं। राजधानी दिल्ली में अब 19 किलो का कमर्शियल सिलेंडर 1768.50 रुपये में मिलेगा, जबकि पहले इसकी कीमत 1740.50 रुपये थी। यानी उपभोक्ताओं को अब 28 रुपये अधिक चुकाने होंगे। वहीं कोलकाता में इसकी कीमत 1844.50 रुपये से बढ़कर 1875.50 रुपये हो गई है। मुंबई में नया रेट 1720.50 रुपये तय किया गया है, जो पहले 1692 रुपये था। इसी तरह चेन्नई में कमर्शियल सिलेंडर 1899.50 रुपये से बढ़कर 1929 रुपये पर पहुंच गया है। हालांकि, आम उपभोक्ताओं के लिए राहत की बात यह है कि 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में यह अब भी 853 रुपये में उपलब्ध है। कोलकाता में इसकी कीमत 879 रुपये, मुंबई में 852.50 रुपये और चेन्नई में 868.50 रुपये बनी हुई है।एलपीजी सिलेंडर की कीमतें इम्पोर्ट पैरिटी प्राइस पर आधारित होती हैं। इसमें अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमत, डॉलर-रुपया विनिमय दर, फ्रेट, इंश्योरेंस और विभिन्न टैक्स शामिल होते हैं। राज्यों में टैक्स और लॉजिस्टिक्स लागत अलग-अलग होने के कारण शहरों में कीमतों में अंतर देखने को मिलता है। कमर्शियल सिलेंडर की बढ़ी कीमतों का असर आने वाले दिनों में खाने-पीने की वस्तुओं और सेवाओं पर भी पड़ सकता है।


# इजरायल-अमेरिका तनाव से सोना-चांदी में बड़ी उछाल की उम्मीद

## सेफ हेवन की ओर बढ़े निवेशक, सोमवार को गैप-अप ओपनिंग संभव



**मुंबई**। इजरायल और संयुक्त राज्य अमेरिका ने शनिवार तड़के ईरान पर संयुक्त सैन्य कार्रवाई की, जिसके बाद मिडिल ईस्ट में भू-राजनीतिक तनाव तेजी से बढ़ गया है। हमले की खबर से वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता का माहौल बन गया है और निवेशक सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं। शनिवार को भारतीय कमोडिटी बाजार बंद थे, लेकिन अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेज हलचल देखने को मिली। कॉमेक्स पर सोना लगभग 2 प्रतिशत चढ़कर 5,296.40 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ, जबकि चांदी में करीब 8 प्रतिशत की तेजी आई और यह 93.82 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ते तनाव के कारण सोमवार को भारतीय बाजारों में सोना-चांदी गैप-अप खुल सकते हैं। एमसीएक्स पर शुक्रवार को सोना 1,61,971 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 2,81,990 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। बाजार विश्लेषकों के अनुसार यदि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना 5,300 डॉलर का स्तर पार करता है तो भारत में इसकी कीमत 1,68,000 से 1,70,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक जा सकती है। वहीं चांदी 95 डॉलर के ऊपर टिकने पर 100 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकती है, जिससे घरेलू बाजार में कीमत 3,00,000 रुपये प्रति किलो के करीब जा सकती है। हालांकि विशेषज्ञ सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। उनका कहना है कि यदि तनाव और बढ़ता है तो कीमतों में और तेजी संभव है, लेकिन कूटनीतिक समाधान की स्थिति में गिरावट भी आ सकती है। इसलिए निवेशकों को जोखिम प्रबंधन के साथ रणनीति बनानी चाहिए।

# सलमान खान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री की दूसरी फिल्म तैयार, सिद्धांत चतुर्वेदी होंगे जोड़ीदार



क्वीन और सुपर 30 जैसी बेहतरीन फिल्मों का निर्देशन करने वाले निर्देशक विकास बहल ने अपनी अगली म्यूजिकल फिल्म के लिए सिद्धांत चतुर्वेदी और सलमान खान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री को साइन किया है। बॉलीवुड की ये नई जोड़ी एक शानदार संगीतमय सफर पर निकलने के लिए तैयार है। अलीजेह की फर्रे में तारीफों के बाद सिद्धांत के साथ उनकी ये केमिस्ट्री दर्शकों के लिए काफी रोमांचक होने वाली है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की कहानी इंग्लैंड में रहने वाले उन पंजाबी युवाओं पर आधारित है, जो अपनी मिट्टी (पंजाब) से भी जुड़े थे और वहां की संस्कृति में भी ढल रहे थे। इसमें आपको 90 के दशक का लुक, डांस क्लबों का माहौल और पंजाबी संगीत के दुनियाभर में मशहूर होने के पीछे के संघर्ष व जुनून को देखने को मिलेगा। फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे लंदन की गलियों में पंजाब



की आवाज गूंजी और इतिहास रचा गया। सिद्धांत इस फिल्म में एक ढोल बजाने वाले की भूमिका में नजर आएंगे, वहीं अलीजेह एक गायिका की भूमिका निभाएंगी। निर्देशक विकास बहल ने इस फिल्म को एक म्यूजिकल लव स्टोरी के रूप में बुना है। इसमें प्यार के साथ-साथ सपनों को पूरा करने की जिद और अपनी पहचान बनाने के संघर्ष को दिखाया जाएगा। फिल्म की स्क्रिप्ट पूरी हो चुकी है। तैयारियां जल्द शुरू होंगी और फिल्म की शूटिंग 2026 के दूसरे हिस्से में शुरू करने की योजना है। सिद्धांत और निर्देशक विकास बहल की ये साथ में दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले उन्होंने एक रोमांटिक कॉमेडी दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग में साथ काम किया है, जो इसी साल (2026) जुलाई से सितंबर के बीच रिलीज हो सकती है। सिद्धांत की फिल्म दो दीवाने शहर में कुछ ही दिन पहले सिनेमाघरों में आई है। इस अपनी नई म्यूजिकल फिल्म् की शूटिंग शुरू करने से पहले सिद्धांत महान फिल्म निर्माता वी शांताराम की बायोपिक की शूटिंग पूरी करेंगे। अलीजेह ने साल 2023 में फिल्म फर्रे से बॉलीवुड में अपनी शानदार शुरुआत की थी। फिल्म थाई ब्लॉकबस्टर बैड जीनियस का रीमेक थी, जिसमें अलीजेह की एक्टिंग की जमकर तारीफ हुई थी। समीक्षकों और दर्शकों ने उनके सधे हुए अभिनय को काफी सराहा था। अब वो विकास बहल की अगली म्यूजिकल फिल्म में नजर आएंगी, जो उनके करियर की दूसरी फिल्म होगी। ये खबर सुनकर अलीजेह के प्रशंसक उत्साहित हो उठेंगे, जिन्हें उनकी अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार था।

## 'ओ रोमियो ने 13वें दिन किया अब तक का सबसे कम कलेक्शन, लेकिन शाहिद की टॉप 5 फिल्मों में कर ली एंट्री

विशाल भारद्वाज की लिखी और डायरेक्ट की हुई 'ओ रोमियो एक रोमांटिक एक्शन थ्रिलर है जो हुसैन जैदी की किताब माफिया क्वींस ऑफ मुंबई पर आधारित है. शाहिद और तृप्ति अलावा, 'ओ रोमियो में नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी और फरीदा जलाल ने अहम रोल प्ले किया है साथ ही विक्रांत मैसी का भी फिल्म कैमियो भी है. कहने की ज़रूरत नहीं है, यह साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक थी. हालांकि ये बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार परफॉर्म नहीं कर पाई. पहले हफ्ते में ठीक-ठाक कमाई करने के बाद अब दूसरे हफ्ते में ये लगातार मंदी झेल रही है. चलिए यहां जानते हैं 'ओ रोमियोने रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे बुधवार को कितना कलेक्शन किया है? शाहिद कपूर की पिछले साल आई देवा बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी. ऐसे में 'ओ रोमियो से उम्मीद थी कि यह फिल्म एक्टर के करियर को नई ऊंचाईयों पर ले जाएगी हालांकि, फिल्म ने दर्शकों को निराश किया और ये उन्हें थिएटर तक खींचने में नाकाम रही. इसे फिल्म देखने वालों के साथ-साथ क्रिटिक्स से भी मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला. बॉक्स ऑफिस नंबर भी यही दिखाते हैं. हालांकि विशाल भारद्वाज के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म ने पहले वीकेंड में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म किया था. लेकिन उसके बाद से, इसके कलेक्शन में गिरावट आने लगी और दूसरे हफ्ते में तो इसकी कमाई चौपट ही हो गई है. फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो 'ओ रोमियो ने रिलीज के पहले हफ्ते में 47.1 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था. इसके बाद 8वें दिन फिल्म की कमआई 2.15 करोड़, 9वें दिन 3.4 करोड़, 10वें दिन 3.15 करोड़, 11वें दिन 1.6 करोड़ और 12वें दिन 1.65 करोड़ का कलेक्शन किया. अब, सैकनिल्क रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने रिलीज के 13वें दिन 1.20 करोड़ रुपये कमाए हैं. इसी के साथ फिल्म की 13 दिनों की कुल कमाई अब 60.25 करोड़ रुपये हो चुकी है. ग्लोबल लेवल पर, फिल्म का वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन अभी 92.95 करोड़ रुपये हुआ है. 'ओरोमियो ने अच्छी रफ्तार बनाए रखी है, लेकिन यह शाहिद कपूर की करियर-डिफाइनिंग फिल्मों के स्टैंडर्ड तक नहीं पहुंची है. 'पद्मावत 302.15 करोड़ के साथ उनकी सबसे ज़्यादा हिंदी नेट ग्रॉसर है, जबकि 'कबीर सिंह 278.8 करोड़ के साथ दूसरे नंबर पर है. वहीं 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने 85.16 करोड़ और 'आर... राजकुमार ने 65.95 करोड़ जमा किए थे. 'ओ रोमियो ने अब लगभग 'उड़ता पंजाब के 60.33 करोड़ के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ ही दिया है. इसी के साथ ये शाहिद कपूर की टॉप पांच सबसे ज़्यादा हिंदी नेट ग्रॉसर में शामिल हो गई है. ओरोमियो को विशाल भारद्वाज ने डायरेक्ट किया है और इसमें शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अहम रोल में हैं. मेन कास्ट में नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया, दिशा पटानी, फरीदा जलाल और विक्रांत मैसी शामिल हैं.




## भूत बंगला से जारी हुआ पहला गाना, अक्षय कुमार ने दिखाई भूतों की दुनिया




अक्षय कुमार की फिल्म भूत बंगला 10 अप्रैल को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म रिलीज से पहले ही इसमें अक्षय कुमार और डायरेक्टर प्रियदर्शन की जोड़ी 14 साल के लंबे गैप के बाद लौट रही है। आज गुरुवार को फिल्म भूत बंगला का पहला गाना राम जी भला करेंगे रिलीज हो गया है। इस गाने को देखते ही लोगों के अंदर भूल भुलैया वाला खुमार जाग गया। बालाजी मोशन पिक्चर्स द्वारा प्रोड्यूस की गई इस फिल्म ने उन ऑडियंस के बीच पहले से ही जबरदस्त एंटीसिपेशन पैदा कर दिया है, जो इस जोड़ी की आइकॉनिक कॉमेडी एंटरटेनर फिल्में देख कर बड़े हुए हैं। एक्साइटमेंट को और बढ़ाते हुए, मेकर्स ने फिल्म का पहला गाना 'राम जी आके भला करेंगे रिवील कर दिया है, जो एक हाई-स्पिरिटेड ट्रैक है और इसमें अक्षय कुमार अपने पीक एंटरटेनर मोड में नजर आ रहे हैं। पागलपन, नॉस्टैल्जीआ और उनकी ट्रेडमार्क कॉमिक एनर्जी से भरपूर यह गाना, फिल्म की इस मजेदार दुनिया की एक वाइब्रेंट झलक पेश करता है। कॉमिक एनर्जी से भरपूर यह एक स्पिरिटेड और पेपी ट्रैक है, 'राम जी आके भला करेंगे फिल्म के सार को बखूबी कैप्चर करता है। इसके इन्फेक्शियस हाई-ऑक्टेन बीट्स और प्लेफुल विजुअल्स एक हंसी से भरी सवारी के लिए मूड सेट कर देते हैं, जो भूत बंगला को एक फुल-थ्रॉटल एंटरटेनर के रूप में मजबूती से एस्टेब्लिश करते हैं। यह गाना अक्षय कुमार को उनके क्लासिक अवतार में दिखाता है, जो भूतिया दुनिया और उसके कई अजीबोगरीब भूतों के बीच बड़े आराम से नेविगेट कर रहे हैं, और स्पूक्टैकुलर केओस और कॉमिक फ्लेयर से भरी एक फ्रंटिक और मजेदार परफॉरमेंस दे रहे हैं। प्रीतम द्वारा कंपोज किए गए और कुमार के लिखे लिरिक्स के साथ, इस गाने को अरमान मलिक और आरवन (देव अरिजीत) ने गाया है, जिसमें मेलो डी द्वारा लिखा और परफॉर्म किया गया एक रैप सेगमेंट इसकी लाइवली बीट्स में एक कंटेम्परेरी एज जोड़ता है। बालाजी मोशन पिक्चर्स, जो बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक हिस्सा है, केप ऑफ गुड फिल्म्स के साथ मिलकर भूत बंगला पेश करते हैं, जिसमें अक्षय कुमार, वामीका गब्बी, परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव लीड रोल्स में हैं। प्रियदर्शन द्वारा डायरेक्टेड इस फिल्म को अक्षय कुमार, शोभा कपूर और एकता आर कपूर ने प्रोड्यूस किया है। 10 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

## खुशी में वादे न करो, दुख में फैसला न करो: भाग्यश्री



बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री भाग्यश्री ने अपने इंस्टाग्राम पर एक प्रेरक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने संतुलित तरीके से जीने के आसान सूत्र बताए। उन्होंने कैप्शन में लिखा "जिंदगी के आसान फंडे: खुशी में वादे न करो, दुख में फैसला न करो, गुस्से में जवाब न दो और किसी के दर्द का कारण न बनो।" उनके मुताबिक ये साधारण लगने वाले उसूल जीवन को बेहतर दिशा देने में बेहद कारगर साबित होते हैं। भाग्यश्री ने अपने पोस्ट में यह भी उल्लेख किया कि कई बार हम सरल चीजों को भी जटिल बना देते हैं क्योंकि हम उन्हें ज़रूरत से ज़्यादा करने की कोशिश करते हैं। वे कहती हैं कि किसी भी काम को करते समय मन का शांत और संतुलित होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि जीवन में असली मजबूती और खुशी बाहरी दिखावे से नहीं, बल्कि अंदर की शांति और विचारों की स्पष्टता से आती है। इसलिए इंसान को पहले स्वयं के भीतर स्थिरता लानी चाहिए, तभी वह सही निर्णय ले सकता है। उनका यह प्रेरक संदेश सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। फैंस ने कमेंट कर उनकी बातों से सहमति जताई और उन्हें सकारात्मकता फैलाने के लिए धन्यवाद दिया। भाग्यश्री अक्सर इसी तरह के पोस्ट शेयर करती रहती हैं, जिनमें मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और संतुलित जीवनशैली के महत्व को समझाया जाता है। भाग्यश्री ने भले ही फिल्मों में कम काम किया हो, लेकिन उन्होंने अपने अभिनय से दर्शकों के दिलों में एक मजबूत पहचान बनाई है। उनकी पहली फिल्म मैंने प्यार किया ने उन्हें रातों-रात सुपरस्टार बना दिया था। इससे पहले वे टीवी शो "कच्ची धूप" में नजर आ चुकी थीं। बाद में उन्होंने अभिनेता हिमालय दसानी से शादी की और परिवार को प्राथमिकता देते हुए लंबे समय तक फिल्म इंडस्ट्री से दूरी बनाए रखी। हाल के वर्षों में वह फिर से फिल्मों में सक्रिय हुई हैं और थलाइवी, राधे श्याम और किसी का भाई किसी की जान जैसी फिल्मों में सहायक भूमिकाओं में नजर आई हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर अस्सी और दो दीवाने सहर में के बीच कांटे की टक्कर, दोनों ही फिल्मों का कुल कलेक्शन बराबर

तापसी पन्नू की कोर्टरूम ड्रामा अस्सी और मृणाल ठाकुर-सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक फिल्म दो दीवाने सहर में का 20 फरवरी को क्लैश हुआ था. ओपनिंग डे पर दो दीवाने सहर में ने अस्सी को पीछे छोड़ दिया था लेकिन अब बीकडेज में तापसी पन्नू की फिल्म के नंबर्स में थोड़ी बढ़त देखी गई है और इसने मृणाल ठाकुर की रोमांटिक ड्रामा को पीछे छोड़ दिया है. बॉक्स ऑफिस पर खराब परफॉर्म करने के बावजूद, दोनों नई रिलीज़ ने 5 करोड़ रुपयों का आंकड़ा पार कर लिया है. चलिए यहां जानते हैं अस्सी और दो दीवाने सहर में ने रिलीज के छठे दिन कितना कलेक्शन किया है? अस्सी तापसी पन्नू और फिल्ममेकर अनुराग सिन्हा की तीसरी फिल्म है. कोर्टरूम ड्रामा फिल्म ने वीकडेज में मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक ड्रामा फिल्म से थोड़ा बेहतर परफॉर्म किया है.हालांकि कुल कलेक्शन के मामले में दोनों में बराबर की टक्कर दिख रही है. बता दें कि बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा भीड़ नहीं खींच पाने के बावजूद, इस लीगल सोशल ड्रामा फिल्म ने 5 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है. हालांकि वीकडेज में ये लाखों में सिमट गई है. फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो अस्सी ने पहले दिन 1 करोड़ से खाता खोला था. इसके बाद दूसरे दिन इसने 1.6 करोड़, तीसरे दिन 1.6 करोड़, चौथे दन 70 लाख और पांचवें दिन 85 लाख रुपये कमाए. वहीं अब सैकनिल्क के मुताबिक रिलीज के 6ठे दिन, अस्सी ने 0.55 करोड़ रुपये (शुरुआती अनुमान) कमाए हैं. इसके बाद इसका भारत में 6 दिनों का कुल नेट कलेक्शन 5.75 करोड़ रुपये हो गया है. मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की फ्रेश केमिस्ट्री और रॉ लव स्टोरी फैंस का दिल नहीं छू पाई. स्क्रीन पर आने के पहले दिन अच्छी शुरुआत के बाद, इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म के नंबर्स में वीकडेज में अब लगातार गिरावट देखी गई है. यह वर्किंग डेज में कमाई के मामले में तापसी की अस्सी से भी पीछे चल रही है. दो दीवाने के सहर में के कलेक्शन पर गौर करें तो इसने पहले दिन 1.25 करोड़ से शुरुआत की थी. इसके बाद दूसरे दिन 1.5 करोड़, तीसरे दिन 1.45 करोड़, चौथे दिन 60 लाख और पांचवे दिन 55 लाख की कमाई की. वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक दो दीवाने सहर में ने रिलीज के छठे दिन 40 लाख रुपये कमाए हैं. इसी के साथ इस फिल्म की 6 दिनों की भारत में कुल कमाई अब 5.75 करोड़ रुपये हो गई है.



## द केरल स्टोरी के निर्देशक की आगामी फिल्म 'चरक का टीजर रिलीज, अंधविश्वास पर सवाल उठाती है कहानी

द केरल स्टोरी फेम निर्देशक सुदीप्तो सेन की आगामी फिल्म 'चरकः फेयर ऑफ फेथ का टीजर आज जारी हुआ है। टीजर में भारत के ग्रामीण इलाकों में व्याप्त अंधविश्वास, रूढ़िवादिता और तंत्र-मंत्र से जुड़े कई सवाल उठाए गए हैं। जानते हैं कैसा है 'चरक का टीजर और क्या है इसमें कुछ खास? चरक मेले की भयावह बैकग्राउंड पर आधारित यह फिल्म एक ऐसे समुदाय की कहानी है, जो मानता है कि यह त्योहार उनकी लंबे समय से लंबित मनोकामनाओं को पूरा करने का आखिरी मौका है। जैसे-जैसे अनुष्ठान तेज होते जाते हैं, टीजर में कुछ परेशान करने वाली प्रथाओं और नैतिक दुविधाओं की झलक मिलती है। जो फिल्म को भक्ति, त्याग और गलत विश्वास की एक गहरी पड़ताल के रूप में दिखाती हैं। चरक भारतीय तांत्रिक जगत के रहस्यमय और अनसुलझे पहलुओं को तलाशने की




कोशिश करती है। इसमें मनोवैज्ञानिक रूप से गहराई से जुड़े किरदारों को एक विचलित कर देने वाले ट्रेडिनशन के साथ मिश्रित किया गया है। टीजर में अंधविश्वाल व तंत्र-मंत्र की अलग-अलग विद्याओं व विधाओं के बारे में दिखाया गया है। इसमें अघोरी से लेकर बली देने की प्रथा तक शामिल है। शीलादित्य मौलिक द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अंजली पाटिल, साहिदुर रहमान, सुब्रत दत्ता, शशि भूषण, नलनीश नील, शंखदीप और शौनक श्यामल सहित कई जाने-माने कलाकार शामिल हैं। 'चरकः फेयर ऑफ फेथ एक रोंगटे खड़े कर देने वाला सिनेमाई अनुभव प्रदान करता है, जो आस्था और कट्टरता के बीच की पतली रेखा पर सवाल उठाता है। यह फिल्म 6 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के टीजर को देखकर इसको लेकर उत्साह बढ़ता है।

## फिल्म कल्कि 2 पर अमिताभ बच्चन ने दी बड़ी खबर, तस्वीरें देख झूम उठेंगे फैंस

साउथ सुपरस्टार प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी को लोगों द्वारा खूब पसंद किया गया था। अब इसके सीक्वल कल्कि 2 का इंतजार किया जा रहा है, जिसका हिस्सा महानायक अमिताभ बच्चन दोबारा होंगे। अपने हालिया व्लॉग में दिग्गज ने खुलासा किया है कि वह पिछले दिनों हैदराबाद में थे, जिस कारण अपने फैंस से मुलाकात नहीं कर सके। उन्होंने शहर से बाहर होने का कारण बताते हुए लिखा कि वह कल्कि 2 की शूटिंग में व्यस्त थे। अमिताभ ने लिखे अपने व्लॉग में बताया कि कल्कि 2 की शूटिंग शुरू हो गई है। इसके लिए वह हैदराबाद में थे, जहां उन्होंने कमल हासन से मुलाकात की। उन्होंने लिखा, मैंने उन्हें (फैंस) को बताया था कि इस रविवार को मैं नहीं आ पाऊंगा, क्योंकि मैं हैदराबाद में शूटिंग कर रहा था... लेकिन फिर भी वे आए... बता दें कि अमिताभ हर रविवार को अपने घर के बाहर फैंस से मुलाकात करते हैं। अमिताभ ने फैंस से माफी मांगते



हुए फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों में उन्हें अश्वत्थामा के रूप में देखा जा सकता है, जिस किरदार को उन्होंने कल्कि 2898 एडी में निभाया था। इन झलकियों में सह-कलाकार कमल के साथ एक अनौपचारिक पल भी दिखाई दे रहा है। पिछले साल नाग अश्विन द्वारा निर्देशित इस सीक्वल से दीपिका पादुकोण के बाहर होने की खबर आई थी। चर्चा है कि उनकी जगह साई पल्लवी ले सकती हैं।

# 'India reliable': PM woos global investors at chip plant launch




**AHMEDABAD, Agency:** Amid intensifying geopolitical conflicts and trade tensions, Prime Minister Narendra Modi made a strong pitch on Saturday for India as a preferred investment destination.

"India is capable, India is competitive, and India is committed. Today, India has only one message for investors worldwide: India is ready, India is reliable, and India will deliver," Modi said.

Speaking after inaugurating US-based chip giant Micron Technology's ATMP (Assembly, Testing, Marking and Packaging) plant at Sanand, the first such facility in the country, Modi said Gujarat would provide the lifestyle and social life that international companies desire.

"A small town (Sanand) suddenly found its place on the global map. Development and systems are needed; perhaps even today you may have thoughts like, 'It would be nice if this were there, it would be nice if that were there.' I assure you, friends, the lifestyle you desire, the social life you desire, the way you live your life, Gujarat will create that too. We will not let you feel anything is lacking." He said after establishing itself as a software powerhouse, the country is "firmly establishing its identity" in the hardware sector too. The PM said that until 10-11 years ago, discussions about data and chips in India were confined to very close circles, and these often revolved only around IT services. Speaking about the speed of project approvals, he said, "Today's India is moving forward with this approach - from policy to production. It is visible. Remember, the MoU for this facility was signed in June 2023. Subsequently, the groundbreaking for this facility took place in Sept 2023 in Sanand. In Feb 2024, machines began to be installed in the pilot facility, and today, in Feb 2025, commercial production has begun at this facility. Anyone who follows this sector can understand the meaning of this speed.

## Aggressive H3N2 variant prompts changes to this year's flu shot

**NEW DELHI, Agency:** After a year marked by an early and sharp rise in flu cases in several countries, India is set to update its seasonal influenza vaccine to deal with a fast-spreading new strain, reports Anuja Jaiswal.

The WHO has issued its annual recommendations for the 2026-27 northern hemisphere flu season, based on global surveillance data that showed a new A(H3N2) variant, known as subclade K, becoming dominant. India, as part of the northern hemisphere, follows this guidance each year to decide which strains are covered in the flu shot. The new strain appears to spread more easily than the earlier versions. While it is not necessarily more severe for each infected person, its higher transmissibility has led to increased case numbers and earlier-than-usual flu activity in many regions.

"The updated recommendations are timely, given the rapid global spread of the new variant," said Dr Rommel Tickoo, director of internal medicine at Max Hospital, Saket. "H3N2 strains are often linked to more severe illness, especially in the elderly and those with medical conditions. Since influenza viruses keep changing, updating the vaccine each year is critical. High-risk groups' early vaccination can reduce complications and hospital admissions." WHO has recommended updated components for H1N1, H3N2 and B/Victoria strains. Indian vaccine manufacturers will now align production to match these strains so that doses are available before peak transmission. Doctors advise getting the flu shot before winter.

## SC: Make prisons reformative, give women right to open jails

**NEW DELHI, Agency:** In an effort to transform India's punitive prison system into reformative centres, Supreme Court has mandated radical reforms and ruled that women inmates, like male prisoners, have a fundamental right to be lodged in open correctional institutions (OCIs), which must change character from labour camps to vocational training centres and allow inmates' to have regular access to their families. Penning a 138-page magnum opus of a judgment on what ails the Indian prison system and the judicially devised antidotes, a bench of Justices Vikram Nath and Sandeep Mehta appointed former SC judge S R Bhat as chairperson of a high powered committee with a honorarium of Rs 10 lakh per month along with other facilities to frame within six months a nationally consistent common minimum standards for "Reforms and Governance of Open Correctional Institutions". It asked states, which do not have open jails, to establish these institutions and mandated setting up of multi-layered monitoring systems to ensure that its series of directions are scrupulously complied with in a time bound manner. It posted the next hearing on the matter on Sep 1. It directed state committees to file quarterly reports on implementation of SC directed reforms in open prisons before the jurisdictional HCs, which in turn will file yearly reports before SC every March 31.

## Can J&K's Ranji triumph heal old wounds?

**Jammu, Agency:** Jammu and Kashmir have become India's cricketing champs by thrashing favourites Karnataka in the Ranji Trophy finals. This is a fantastic, heart-warming Cinderella tale in a small state long viewed as a no-hoper in cricket. Experts say nobody watches Ranji Trophy cricket because it is not exciting and lacks top stars. But I followed the Ranji semi-final and the final avidly and, by the end, was cheering myself hoarse for J&K. There must have been many more viewers like me.

Before this season, J&K had played 334 Ranji Trophy matches over 67 years and won only 45 of them. It took 44 years to win its first match, against the Services in 1982-83. But this year, it steadily eliminated one tough opponent after another-Rajasthan, Hyderabad, Delhi, Madhya Pradesh, West Bengal, and finally seven-time champions Karnataka.

Karnataka had five Test players-KL Rahul, Mayank Agrawal, Devdutt Padikkal, Karun Nair, and Prasidh Krishna. J&K had none. A year ago, you would have been hard-pressed to name a single member of its team. Yet it won in commanding style.

This is more than a cricketing story. Out of the blue, it provides a non-political avenue to help alienated Kashmiris feel part of the Indian mainstream.

## HM Shah reviews border security in Seemanchal all post-SIR deaths to be verified



**NEW DELHI, Agency:** A high-level meeting chaired by home minister Amit Shah in Purnea, Bihar on Friday to examine security-related concerns in border districts of the state, decided that all death cases reported after special intensive revision (SIR) will be thoroughly verified and matching deletions and updates carried out in all official records including aadhaar, driving licence and PAN databases etc, to ensure accuracy and prevent any misuse. A door-to-door survey will be undertaken to verify individuals reported as migrated but absent during verification, while ensuring that no genuine voter is erroneously deleted, Central govt sources told Media.

The review meeting examined -- attended by the district magistrates and superintendents of police of seven border districts of Seemanchal -- called for stricter border management, enhanced vigilance against illegal activities, and coordinated inter-agency action to address concerns such as illegal constructions near border areas, illegal migration, circulation of fake Indian currency notes (FICN), encroachment, and unauthorised financial flows.

Shah, during the meeting, called for strict enforcement of a zero-tolerance policy against illegal constructions, particularly in forest and uninhabited areas, and ordered the immediate removal of encroachments in 'no man's land' adjoining the international border. District magistrates of border districts have been tasked with ensuring legal and financial compliance by all banks, including cooperative banks, within their jurisdictions. All banks have been directed to follow compliances issued by RBI, including reporting of cash transactions of high value and PAN linkage with bank accounts.

Bihar chief secretary will review compliance, particularly concerning cooperative banks. Strict action will be taken against sub registrar offices (SROs) that fail to report or resort to defective reporting of high-value property transactions or violations involving cash transactions beyond prescribed norms.

## Railways plans 5th, 6th lines on high-density corridors to boost capacity



**NEW DELHI, Agency:** For the next phase of network expansion, the railway ministry has started preparation for laying 5th and 6th lines on the High Density Network (HDN) corridors connecting the four major metro cities - Delhi, Howrah, Mumbai and Chennai - so that more passenger and freight trains can run on these corridors.

This is significant considering that the 11,051-km HDN forms the backbone of railways, accounting for 16% of the total network, but handling 41% of total rail traffic. Around 8,400-km of this, over 60% of the HDN network operate at 100-150% more than the line capacity.

The sven HDN corridors are - Delhi-Howrah (1,422 km), Howrah-Mumbai (2,039 km), Delhi-Mumbai (1,321 km), Delhi-Guwahati (1,875 km), Delhi-Chennai (2,041 km), Howrah-Chennai (1,117 km) and Mumbai-Chennai (1,238 km).

Media has learnt that recently the railway board called a meeting of senior officials from all zones to finalise the planning of doubling, multitracking and 5th and 6th line requirement on HDN routes. The zones have been asked to prepare proposals for their respective sections based on line capacity, traffic requirements and future planning.

## India could soon get its first openly queer MP



**New Delhi, Agency:** When Menaka Guruswamy walks into Parliament building for the Rajya Sabha election in mid-March, she will possibly be the first openly queer person on the ballot. From the Sept 2018 Supreme Court verdict decriminalising Article 377 to a possible seat in the Upper House has been a long journey. The Trinamool Congress has nominated her as its Rajya Sabha candidate.

Perhaps cognizant of the enormity of the moment, Guruswamy on Saturday posted on X, "I am deeply honoured to be nominated to the Rajya Sabha by the All India Trinamool Congress. I am grateful to the Hon'ble Chief Minister of West Bengal Ms Mamata Banerjee for reposing her faith in me. Our Constitution's values of equality, fraternity & non-discrimination have guided my life & work, I hope to carry these ideals forward into Parliament. I look forward to representing the interests of the people of West Bengal & to serve 'We the People' of India."

Guruswamy has been public about her relationship with fellow lawyer Arundhati Katju. In 2023, former diplomat Vivek Katju wrote a personal piece on his journey in accepting his daughter Arundhati and her partner, expressing his initial shock and despair when he found out about her sexuality.

## For 61 lakh 'doubtful' voters, it's a race against time to get on electoral roll



**NEW DELHI, Agency:** Around 60 lakh electors in West Bengal have been categorised as 'doubtful' by Election Commission, and their cases have been sent for adjudication by judicial officers appointed by the Kolkata high court. This is in line with the Supreme Court's directive dated Feb 20. With assembly elections in the state likely to be announced in the second half of March, this means that it would be a race against time for the "doubtful" voters to be made a part of the electoral list.

Sources said that the final electorate of Bengal is around 6.4 crore, with a total 1.2 crore deletions since Oct 27, 2025 (15.9%). Of these, around 61.8 lakh were deleted on account of being deceased, shifted, migrated and registered at multiple places and another 60 lakh categorised as 'doubtful' voters under adjudication.

Such 'doubtful' electors, as and when their cases are approved by the court-appointed judicial officers, shall be added back to the state's roll by way of supplementary lists to be published later. Until then, these voters will not be eligible to vote in any election. A senior EC functionary told Media that the majority of these 'doubtful' electors are likely to be illegal immigrants from Bangladesh. "Despite stiff resistance, the SIR exercise in Bengal has been a huge success," said another EC official. According to the rules, the electoral roll of a state is frozen 10 days before the last date for nomination in Lok Sabha or assembly elections. So only those 'doubtful' voters whose cases are disposed of within the prescribed deadline can vote in the upcoming Bengal assembly elections.

# India walks tightrope amid Iran conflict



**NEW DELHI, Agency:** India is deeply concerned over the recent developments in Iran and the Gulf region, govt said Saturday, hours after US-Israel joint military action against Iran and the latter's retaliatory targeting of Gulf states where Washington has military assets. While seeking safety of civilians in a region that is home to a nearly 10-million-strong Indian diaspora, the govt also stressed in its tough balancing act that sovereignty and territorial integrity of all states must be protected.

External affairs minister S Jaishankar spoke to his Iranian and Israeli counterparts, Seyed Abbas Araghchi and Gideon Sa'ar, respectively, to express deep concern and to reiterate India's call for dialogue and diplomacy to de-escalate tensions. Late in the evening, Jaishankar also spoke to his counterparts from the UAE, Qatar, Kuwait and Bahrain and sought their cooperation in ensuring the well-being of the Indian community.

India's response in the form of a statement by the ministry of external affairs was carefully calibrated as it said that dialogue and diplomacy should be pursued to de-escalate tensions and address underlying issues. "We urge all sides to exercise restraint, avoid escalation and prioritise the safety of civilians," said MEA, adding that Indian missions across the Gulf were in touch with Indian nationals and had issued appropriate advisories asking them to remain vigilant and follow local security guidance. There are close to 40,000 Indian citizens in Israel and anywhere between 6,000 and 10,000 in Iran.

With the US and Israel reportedly looking to precipitate a regime change in Iran, India was again forced to walk a diplomatic tightrope, caught between its steady ties with Iran that are based on common regional interests and strong signs of improvement in the critical relationship with the US after a period of extreme turbulence.

The attack on Iran also came barely 48 hours after a bilateral meeting between PM Narendra Modi and his counterpart Benjamin Netanyahu in Israel that saw the leaders discussing US-Iran tensions and Modi offering, if required, India's support for any efforts towards a peaceful resolution. Significantly, in his media remarks during the visit which took place amidst mounting US-Iran friction, Modi said that peace and security in West Asia is directly linked to India's security interests. The Gulf region is also one of India's most significant and reliable sources of oil and gas. The diaspora, whose well-being is a major priority for the govt, is one of the largest sources of remittances for India. The GCC countries - Bahrain, Kuwait, Oman, Qatar, Saudi Arabia and United Arab Emirates - are together also India's largest trading partner bloc. While India has deepened its strategic partnership with Israel in the past decade or so, its ties with Gulf states have also undergone a complete transformation during this period.